05 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 18

झामुमो, कांग्रेस और राजद ने संकट में डाला झारखंड का अस्तित्व : मोदी





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 74,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 1,00,000 रु./प्रति किलो |



# विधानसभा चुनाव अलग कहानी गढ़ने के मूड में

## ■ जमीनी हकीकत से दूर हैं राजनीतिक दल
## ■ जीत-हार को लेकर पार्टियां आश्वस्त नहीं
## ■ आदिवासी हित के इर्द-गिर्द घूम रहा चुनवी मुद्दा
## ■ अंडर करेंट पर भी ध्यान देने की है जरूरत

आजाद सिपाही विशेष

विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है। पहले फेज के लिए 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। भाजपा, आजसू, झामुमो, कांग्रेस, राजद समेत सभी दल के नेता ताबड़तोड़ रैलियां, जनसंपर्क, रोड-शो आदि करने में लगे हैं। मतदाताओं से वोट देने की अपील कर रहे। सामान्य तौर पर वे अपनी जीत का दावा भी कर रहे हैं। वहीं, अगर राजनीतिक दलों के नेताओं से औपचारिक बातचीत करें, तो एकबारगी जीत को लेकर ये आश्वस्त नहीं दिख रहे। सभी दलों के नेता एड़ी-चोटी का जोर लगाने के बाद भी यह नहीं कह पा रहे कि उनकी पार्टी की जीत सुनिश्चित है। उन्हीं की ही सरकार बनेगी। इसकी मुख्य वजह पार्टियों के बड़े नेताओं का धरातल की हकीकत से दूर होना है। उन्हें सर्वे और अपने लोगों से मिले फीडबैक पर ज्यादा भरोसा है, न कि जमीनी हकीकत से। जबकि जमीनी हकीकत बता रही है कि इस बार का चुनाव बड़ा रोचक होनेवाला है। वैसे जो लोकल नेता हैं, उन्हें यह पता है कि जमीनी हकीकत क्या है और माहौल किसके पक्ष में जाता दिख रहा है। लेकिन आंकड़ों पर भरोसा करने वाले जो नेता हैं, वो जमीनी हकीकत से दूर हैं। वैसे इस चुनाव में कई ऐसी सीटें हैं, जहां उलटफेर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। अभी जिस सीट पर जिस दल की जीत सुनिश्चित मानी जा रही, संभव है वहां वे हार जायें और जहां से हार सुनिश्चित लग रही हो, वहां जीत जायें। यह राजनीतिक खेल का हिस्सा रहा है। इसकी मुख्य वजह है मतदाताओं का मन। कुछ मतदाता परंपरागत वोटर हैं, तो कुछ मतदाताओं का चुनाव के समय मन बदलता रहता है। यह जीत-हार का कारण बनेगा। राजनीतिक दलों के जमीनी हालात और मतदाताओं के मन को **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह** ने टटोलने का प्रयास किया है, प्रस्तुत है रिपोर्ट।



राकेश सिंह

जैसे-जैसे झारखंड का विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, यह बड़ा ही रोचक होता जा रहा है। रोज नये-नये समीकरण बनते और बिगड़ते भी दिख रहे हैं। बयानों के तीर भी राजनीतिक मिजाज भांप कर चलाये जा रहे हैं, लेकिन चुनाव के केंद्र में सभी प्रमुख दलों का मुद्दा आदिवासी हित के इर्द-गिर्द ही घूम रहा है। वैसे कई मौकों पर ऐसा भी प्रतीत हो रहा है कि यह विधानसभा चुनाव कुछ अलग कहानी गढ़ने के मूड में है। झारखंड में किसी न किसी की तो सरकार बनेगी, लेकिन किसकी बनेगी, यह अभी तक पहेली बनी हुई है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि धीरे-धीरे राजनीतिक पार्टियां खुद पर से भरोसा खोती जा रही हैं। पार्टियां हवा-हवाई बातों पर ज्यादा भरोसा कर रही हैं और जमीनी सच्चाई से दूर भागती नजर आ रही हैं। कोई भी दल खुद को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं है। भाषणों की बात अगर छोड़ दें, तो अंतर मन से सरकार बनाने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। सभी शह-मात पर आश्रित हैं, मतलब दूसरे की गलती का इंतजार है, जिसे हथियार बना कर वे राजनीतिक बाजी हाथ में लेने को बेताब हैं। भले जनता उन दलों को लेकर कॉन्फिडेंट हो, लेकिन एक अजीब सा डर पार्टियों के अंदर समाया हुआ है कि इस चुनाव में उनका क्या होनेवाला है। पार्टियां सर्वे पर ज्यादा और जमीनी हकीकत पर कम, डिपेंड होती जा रही हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि दलों को किसी भी तरह बस सत्ता हासिल करनी है।

### नकारात्मक सोच खुद को डूबोती है

भाजपा के लोकल नेताओं को तो पता है कि उनकी स्थिति क्या है, लेकिन जो लोग इस चुनाव को टेक्निकल अंदाज में तौल रहे हैं, उनके मन में अभी भी संशय है। यह भाजपा की सेहत के लिए ठीक नहीं है। कभी-कभी अच्छी स्थिति में होते हुए भी नेगेटिव सोच खुद को डूबो डालती है। यह हाल सिर्फ भाजपा के साथ नहीं है। झामुमो भी इससे अछूता नहीं है। इसलिए झामुमो एक अलग रणनिति के हिसाब से काम कर रहा है। झामुमो एक-एक वोट पक्का करने की रणनिति पर काम कर रहा है। वह पॉकेट वोट बैंक को साध रहा है। इसके लिए कई लोग मैदान में काम कर रहे हैं।

### भाजपा और झामुमो के बीच दिख रही लड़ाई

इस विधानसभा चुनाव के दौरान एक बात जो साफ दिखायी पड़ रही है, वह यह कि यहां चुनाव तो कई दल लड़ रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि मैदान में झामुमो और भाजपा ही आमने-सामने है। भाजपा की तरफ से बल्लेबाजों की फौज खड़ी है। बाबूलाल मरांडी, हिमंता बिस्वा शर्मा, शिवराज सिंह चौहान, अमित शाह और अब पीएम मोदी अपनी पारी खेलते हुए दिखायी पड़ रहे हैं। वहीं झामुमो का मोर्चा हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन ने मजूबती के साथ संभाला हुआ है। कहीं से भी वे कम दिखायी नहीं पड़ते। खासकर कल्पना सोरेन की सभाओं में जुट रही भीड़ झामुमो को उत्साहित कर रही है, यानी झारखंड में अच्छी फाइट देखने को मिल रही है।




### झामुमो के लिए परफॉरमेंस दोहराने की चुनौती

झामुमो को 2019 में 30 सीटें आयी थीं। यह उसका अब तक का बेस्ट परफॉरमेंस था। यह परफॉरमेंस तब आया, जब झारखंड में भाजपा के खिलाफ, खासकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ माहौल बन गया था। भाजपा-आजसू ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। इन सबके बीच झाविमो के भी उम्मीदवार थे। इस बार स्थिति बदली हुई है। मुद्दे बदले हुए हैं। माहौल बदला हुआ है। झामुमो के सामने यह परफॉरमेंस दोहराने की चुनौती है। चुनौती इसलिए कि इस चुनाव में महागठबंधन के उम्मीदवार तीन सीटों पर आमने-सामने हैं। इनमें से दो सीटें छतरपुर और विश्रामपुर पलामू से हैं, जबकि एक सीट राजधनवार है, जहां माले और झामुमो उम्मीदवार आमने-सामने हैं। झामुमो को सरायकेला सीट पर कब्जा बरकरार रखने की बड़ी चुनौती है, क्योंकि वहां उसके एक समय कद्दावर नेता रहे पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने भाजपा का दामन थाम लिया है और चुनाव मैदान में हैं।

### कांग्रेस और राजद पूरी तरह झामुमो पर आश्रित

इस चुनाव में कांग्रेस कहां गायब है, पता ही नहीं चल रहा है। कुछ चेहरों को छोड़ दिया जाये तो लगभग इसके ज्यादातर नेता झामुमो के रहमो-करम पर निर्भर हैं। कांग्रेस को इस विधानसभा चुनाव में नुकसान होता भी दीखता है। वह भी अच्छा खासा। राजद का भी वही हाल है। झारखंड में राजद भी पूरी तरह झामुमो पर आश्रित है। कांग्रेस से तो वह दो सीटों पर दो-दो हाथ ही कर रहा है।

### हरियाणा में आप जैसा जयराम की पार्टी का दिख रहा रोल

जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ठीक वही काम करनेवाली है, जो आम आदमी पार्टी ने हरियाणा चुनाव में किया था। उसका रोल हरियाणा जैसा ही दिखता है। कुछ सीटों पर जयराम की पार्टी भाजपा की सेहत पर प्रभाव डालेगी, तो कई जगहों पर उसे संजीवनी दे रही है।

### आजसू की अपनी स्टाइल

आजसू के काम करने की अलग स्टाइल है। वह अपने ढर्रे पर ही चल रहा है। एनडीए में शामिल होने के बाद मजबूत भी दिखायी पड़ रहा है। सुदेश महतो की अपनी एक स्टाइल है, वह उसी के हिसाब से काम करते हैं। जो सीटें आजसू की मिली हैं, उसमें वह ज्यादा से ज्यादा सीटें कैसे जीत सके, उस रणनीति के हिसाब से काम चल रहा है। सुदेश महतो साइलेंट तरीके से चुनाव प्रचार अभियान में लगे हुए हैं और जमीनी हकीकत को ध्यान में रख कर रणनीति बना रहे हैं।

### भाजपा के समर्थक विश्वास से लबरेज

इस विधानसभा चुनाव में भाजपा के समर्थकों में अलग तरह की ऊर्जा दिखायी पड़ रही है। लोकसभा चुनाव में जो उत्साह ठंडा पड़ गया था, वह अब धीरे-धीरे हाइ जोश की की तरफ जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि हिमंता बिस्वा सरमा ने भाजपा के अंदर की अंदरूनी नाराजगी को बहुत हद तक साध लिया है और कई नेताओं को बिछुड़ने से रोक लिया है। आपसी गुटबाजी का मसला भी बहुत हद तक दूर हुआ है। लेकिन भाजपा के नेताओं को यह ध्यान में रखना चाहिए कि सरकार बनाने की लालसा में छोटी-छोटी चूक भी बड़ा खेला कर देती है। सब कुछ आंकड़े नहीं कहते। अंडर करंट को पहचानने के लिए जनता की नब्ज को टोटलना जरूरी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बाहरी-भीतरी का मुद्दा भी इस चुनाव में अंडर करंट प्ले कर रहा है। इस मुद्दे पर पार्टियां भी साइलेंट रूप से काम कर रही हैं। दिखाने के लिए तो मुद्दे कई उछाले जा रहे हैं। उसमें से कुछ मुद्दों ने रंग भी दिखाना शुरू कर दिया है, लेकिन असल मुद्दा कुछ और ही है। आर्थिक लाभ का मुद्दा हमेशा ही प्रभावी होता है। वह चाहे मंईयां सम्मान योजना हो या फिर गोगो दीदी योजना। जनता इन योजनाओं पर किसे चुनती है और भरोसा करती है, यह देखने वाली बात होगी। वैसे भाजपा ने संकल्प पात्र जारी कर दिया है। उस संकल्प पत्र की कुछ घोषणाएं जनता को आकर्षित कर रही हैं। यह भी सही है कि जहां महागठबंधन की नैया को पार लगाने की पूरी जिम्मेदारी हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन पर है, दूसरी तरफ भाजपा की तरफ से ताबड़तोड़ अमित शाह और उसके बाद पीएम मोदी का झारखंड दौरा भाजपा में उत्साह भर रहा है। पीएम मोदी भी इस बार अलग ही अंदाज में दिखायी दे रहे हैं। उन्होंने सरकार पर हमला तो बोला लेकिन हेमंत सोरेन पर तीखा हमला नहीं किया। हां सीता सोरेन वाले मुद्दे पर उन्होंने हेमंत सोरेन को घेरा जरूर। पीएम मोदी एक बात पर बिल्कुल स्पष्ट हैं कि उन्हें आदिवासी अस्मिता का पूरा ध्यान भी रखना है। इसी को ध्यान में रख कर उन्होंने अपना पूरा फोकस कांग्रेस और राजद के क्रियाकलापों पर कर दिया है। आदिवासी अस्मिता को ध्यान में रख कर वह हेमंत सोरेन पर निजी हमले से बच रहे हैं। प्रधानमंत्री को पता है कि महागठबंधन में कमजोर कड़ी कांग्रेस और राजद ही है।

### नजदीकी लाभ हानिकारक

वैसे इस चुनाव में पार्टियों को एक बात पर ध्यान देने की जरूरत है। राजनीति में नजदीकी लाभ बहुत ही हानिकारक होता है। दूरदृष्टि ही किसी राजनीति की बुनियाद होती है। क्षणिक लाभ से पार्टियों को बचना चाहिए। खुद पर भरोसा करना चाहिए। हवा में तैरती सूचनाओं से राजनीति नहीं होती, जमीन की खुशबू और चप्पलों पर लगी धूल ही राजनीतिक दशा और दिशा तय करती है।

---

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने खलारी में की जनसभा

# बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड के लोगों के हक को मार रहे हैं : डॉ मोहन यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को खलारी में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को कांके विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ जितूचरण राम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने बंगलादेशी घुसपैठियों को शरण देकर उनकी आबादी को बढ़ाने का काम किया है। इनके आने से यह घुसपैठिए झारखंड के लोगों के हक को मार रहे हैं। साथ ही आपके आने वाले बाल बच्चों के लिए भी संकट पैदा कर रहे हैं। इस राज्य में 7 प्रतिशत हिंदू कम हुए हैं। वहीं आदिवासी भाई बहन 40-41 प्रतिशत थे जो अब 28 प्रतिशत रह गये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी तरीके को अपना कर सत्ता पर काबिज होने पर विश्वास रखती है। कहा कि अगर झारखंड में कांग्रेस और उसके गठबंधन दलों की सरकार बनती है तो ये याद रखना होगा कि कांग्रेस के कारण जो कश्मीर की हालत हुई है, वही हालत झारखंड की भी होगी। झारखंड में लूट और बेइमानों की सरकार है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव हेमंत सोरेन और बीजेपी के बीच नहीं है बल्कि बेईमानी और ईमानदारी के बीच का है। सभी ने बेइमानी करने का नतीजा भी देखा जो जेल की सजा काटकर आ रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार में पीए के पास 40 करोड़ मिल रहे हैं। मेहनत करने वाले लोग अपना खून, पसीना एक कर रहे हैं और ये हमारे बाल बच्चों का पेट काटकर लूट कर ले जा रहे हैं। वहीं उन्होंने जनसभा के दौरान मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी डॉ.जीतूचरण राम को रिकार्ड मतों से जीत दिलाने का आग्रह भी किया।



जनसभा को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं में विधायक समरी लाल, कांके विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी डॉ.जीतू चरण राम, शशिभूशण भगत, संजीव विजयवर्गीय, नसीबलाल महतो, सोमा उरांव, नागेश्वर महतो, शैलेंद्र शर्मा, फुलेश्वर महतो सहित अन्य शामिल थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री मोहन यादव हेलीकॉप्टर से खलारी के एसीसी मैदान पहुंचे। जहां उनका भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर एवं तिलक लगाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू एवं संचालन अरविंद सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू ने किया। इस मौके पर परमा सिंह, मनोज कुमार साहू, जगलाल महतो, उत्पल सहदेव, भरत रजक, विकास सिंह, आनंद झा, शशि प्रसाद साहू, श्याम सुंदर सिंह, रामसूरत यादव, विकास मौजूद थे।

### हेमंत ने कोई भी वादा पूरा नहीं किया : संजय सेठ

वहीं जनसभा के दौरान रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बेइमान और झूठी हेमंत सरकार को बदलने का समय आ गया है। इस सरकार ने युवाओं, महिलाओं और किसानों के साथ छल किया है। कहा कि हेमंत सोरेन ने पांच साल पहले वादा किया था कि 5 लाख नौकरी हर साल नहीं देंगे तो कुर्सी को लात मार देंगे। लेकिन न पांच लाख नौकरी मिली और न ही कुर्सी को लात मारी। वहीं वादा किया था कि बेरोजगारों को 6 हजार रुपये भत्ता नहीं मिला राजनीति छोड़ देंगे। लेकिन न बेरोजगारों को भत्ता मिला और न ही उन्होंने राजनीति छोड़ी। ऐसे कई वादे किये लेकिन वादों को पूरा नहीं किया। इसलिए अब परिवर्तन का समय है। ऐसी सरकार जो की बालू, कोयला, खनिज के साथ-साथ सेना और आदिवासियों की जमीन लूट ली लेकिन इस बेइमान और झूठी सरकार का पेट नहीं भरा। जब जब झामुमो और कांग्रेस की सरकार आयी है। इस सरकार ने मुंबई के बड़े-बड़े कारोबारियों को करोड़ों रुपये में झारखंड से बालू को बेचने को काम किया है। कहा कि इस बार परिवर्तन तय है। वहीं संजय सेठ ने भाजपा के द्वारा जारी संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि जो भी योजनाओं को भाजपा ने संकल्प पत्र में दिया है उसे सरकार बनते ही धरातल पर उतारने का काम भाजपा की सरकार पूरा करेगी।

---

## मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने पर बोले जेएमएम प्रवक्ता

# हेमंत सोरेन का नामांकन रद्द कराने की थी साजिश : मनोज पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल के सदस्य मुर्मू के भाजपा में शामिल होने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ी साजिश थी, जिसे हमने नाकाम कर दिया।

**हेमंत सोरेन का नामांकन रद्द कराने की थी साजिश :** श्री पांडे ने बताया कि साजिश का मकसद हेमंत सोरेन का नामांकन रद्द करवाना था, जैसा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सूरत में हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रस्तावक को अगवा करके भाजपा के पक्ष में बयान दिलवाने की कोशिश की गयी थी। पांडेय ने कहा, हमें समय पर जानकारी मिली कि कुछ लोग और एक 'बिचौलिया' सांसद इस योजना पर काम कर रहे थे।



### भाजपा अपनी कमजोरियों को देखते हुए साजिशें रच रही

जेएमएम प्रवक्ता ने आगे कहा कि भाजपा की कमजोरियों को देखते हुए ऐसी साजिशें रची जा रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हेमंत सोरेन ने डरने के बजाय लड़ायी जारी रखने का निर्णय लिया है और राज्य की जनता उनके साथ खड़ी है। इस प्रकार, जेएमएम ने भाजपा के खिलाफ अपने दृढ़ संकल्प को फिर से व्यक्त किया है।

---

## मंडल मुर्मू के बीजेपी में शामिल होने पर महुआ माजी ने कहा

# हमें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, भाजपा ऐसे कामों मे लगी रहती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची से झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले में बीजेपी को जवाब दिया है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री और झारखंड के बीजेपी सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा के घुसपैठ वाले बयान पर कहा कि अगर किसी दूसरे देश से लोग यहां आ रहे हैं तो यह राज्य नहीं केंद्र की समस्या है। केंद्र इसे रोकने में नाकामयाब है। केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए क्योंकि उन्होंने अपनी भूमिका नहीं निभायी। साथ ही उन्होंने मुख्मंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के बीजेपी में शामिल होने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी हमेशा इस प्रकार के कामों में लगी रहती है। लेकिन इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के काम से खुश है। जानता चाहती है कि उन्हें ऐसा ही नेता मिले जो उनके बारे में सोचे। बीजेपी ने 17-18 साल की सरकार में कुछ नहीं किया।



www.epaper.azadsipahi.in

05 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 18

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
3 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### सीएम योगी आज आ रहे झारखंड

रांची। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कोडरमा जिले के डोमचांच के चंद्रावती स्कूल ग्राउंड में सुबह 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह हजारीबाग जिले के बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से जनसभा को और फिर जमशेदपुर के आम बागान ग्राउंड में दोपहर 1:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### राजनाथ रातु और लोहरदगा में

रांची। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को रांची जिले के रातु स्थित सीएन राज छोटानागपुर हाइ स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, दोपहर 1:30 बजे से लोहरदगा जिले के समाहरणालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### अंबर लकड़ा बनाये गये देवघर के नये एसपी

रांची। अंबर लकड़ा को देवघर का नया एसपी बनाया गया है। वह अजित पीटर डुंगडुंग की जगह लेंगे। अजित पीटर डुंगडुंग को विधानसभा चुनाव कार्य से मुक्त कर दिया गया है। बता दें कि चुनाव आयोग के आदेश पर अंबर लकड़ा को देवघर एसपी के पद पर नियुक्त किया गया है।

## प्रधानमंत्री ने किया विपक्ष पर वार, निशाने पर हेमंत सरकार

# झामुमो, कांग्रेस और राजद ने संकट में डाला झारखंड का अस्तित्व : मोदी

- गढ़वा और चाइबासा की चुनावी सभा में गरजे प्रधानमंत्री मोदी
- चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटाने और सीता सोरेन के अपमान पर भी बरसे
- कहा, गठबंधन के तीनों दल सामाजिक ताना-बाना तोड़ने पर आमादा

विजय प्रताप देव/सुनील सिंह

**गढ़वा/ चाइबासा(आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार ने झारखंड का अस्तित्व संकट में डाल दिया है। घुसपैठिये इनके वोट बैंक बन गये हैं। अदालत में भी इन्होंने झूठ बोल दिये। आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। रोटी, बेटी और माटी की पुकार याद रखिये। झारखंड की पहचान बचाने के लिए राज्य में एनडीए की सरकार बनाइये। प्रधानमंत्री सोमवार को गढ़वा और चाइबासा में चुनावी जनसभा में बोल रहे थे।

**जो झारखंड विरोधी थे, झामुमो उनकी गोद में बैठा है:** प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो झारखंड के विरोधी थे, आज उनकी गोद में झामुमो बैठ चुका है। उन्होंने कहा कि यहां कांग्रेस सरकार ने हमारे आदिवासी भाइयों को गोलियों से भून दिया था। हमारे वो आदिवासी पूर्वज सिर्फ अपना हक मांग रहे थे। वो अलग झारखंड राज्य मांग रहे थे। उस समय राजद के नेता भी कहते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। आपके सपनों से इतनी नफरत है इन लोगों को। जो राजद झारखंड बनाने के लिए सहमत नहीं था, जो कांग्रेस आदिवासी विरोधी रही है। उसी के सहारे झामुमो सरकार चला रहा है। सत्ता के लिए उन्हें गले लगा लिया।

**वोट के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसा रहे:** प्रधानमंत्री प्रदेश सरकार पर घुसपैठियों को समर्थन देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी हालत रही तो एक दिन झारखंड में आदिवासी सिमट जाएंगे। झामुमो-कांग्रेस-राजद ने तुष्टिकरण की नीति को चरम पर पहुंचा दिया है। ये तीनों दल सामाजिक ताना-बाना तोड़ने पर आमादा हैं। वोट पाने के लिए ये बांग्लादेशी घुसपैठियों को पूरे झारखंड में बसा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब स्कूलों में सरस्वती वंदना तक पर रोक लगने लगे, तो पता चलता है कि खतरा कितना बड़ा है। जब तीज-त्योहारों में पत्थरबाजी होने लगे, माता दुर्गा को भी रोक दिया जाये, जब कर्फ्यू लगने लगे तो पता चलता है कि स्थिति कितनी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि झारखंड में अवैध तरीके से हड़पी गयी जमीन को वापस लेने के लिए कानून बनाया जायेगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि झारखंड में भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाये जायेंगे। अवैध तरीके से हड़प की गयी भूमि को फिर से आदिवासी बेटियों के नाम करने के लिए कानून लाया जायेगा।

**भगवान बिरसा की 150वीं जयंती मनायी जायेगी:** मोदी ने कहा कि रोटी, बेटी और माटी की पुकार है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनायें। भाजपा ने रांची में धरती आबा बिरसा मुंडा का संग्रहालय बनाया है। बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को भाजपा ने ही जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। इनकी 150 जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों का सम्मान किया है। इन्हें कई अहम जिम्मेदारी दी गयी है। एक तरफ जहां राज्य की बागडोर उन्हें सौंपी गयी है, वहीं कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। कांग्रेस ने कभी आदिवासियों को सम्मान नहीं दिया। भाजपा ने देश को पहली महिला राष्ट्रपति दी है।



### भ्रष्टाचार में लिप्त हैं राज्य सरकार के मंत्री और नेता

मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रदेश की गठबंधन सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हो, मंत्री हो, विधायक हो या फिर सांसद हो, ऐसा कोई बचा नहीं जिन पर पिछले पांच सालों में भ्रष्टाचार के संगीन आरोप नहीं हैं। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन पर माफिया तंत्र बनाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला करता है। भ्रष्टाचार, गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी को सबसे ज्यादा दुखी करता है, बर्बाद कर देता है। उन्होंने कहा कि हमने प्रत्येक घरों में नल जल योजना पहुंचाने की योजना बनायी। यहां के जनप्रतिनिधि योजना के पैसों से अपनी तिजोरी भर ली। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है वहां यह योजना सफलतापूर्वक चल रहा है। गैर भाजपा शासित प्रदेशों में लूट मचा के जनप्रतिनिधियों ने रखा है। यहां तक कि झारखंड बालू तस्करी का केंद्र बनकर रह गया है।

### परिवारवाद झारखंड का सबसे बड़ा दुश्मन

प्रधानमंत्री ने परिवारवाद भी गठबंधन सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि झारखंड में परिवारवाद एक बड़ा दुश्मन है। उन्होंने झामुमो, कांग्रेस और राजद को घोर परिवारवादी दल करार दिया। मोदी ने कहा कि ये लोग चाहते है कि सत्ता की चाबी हमेशा उन्हीं के परिवार के पास रहे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हालिया टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि अब इस विपक्षी पार्टी के प्रमुख ने भी मान लिया है कि उनकी पार्टी झूठी गारंटी देती है।

### झामुमो ने चंपाई सोरेन को किया अपमानित

प्रधानमंत्री ने चाइबासा में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि झामुमो ने चंपाई सोरेन को अपमानित किया। उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटा दिया। ये आदिवासी का अपमान नहीं है? झामुमो और कांग्रेस को महिला राष्ट्रपति बर्दाश्त नहीं हो रही हैं। सीता सोरेन के साथ इन्होंने क्या किया है? आपको अच्छे से मालूम है। एक कांग्रेस नेता ने इन्हें अपमानित किया है। इसके बाद भी झारखंड के मुख्यमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा।

### गोगो दीदी योजना से हर माता-बहन को महीने में 2100 रुपये

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने रविवार को संकल्प पत्र जारी किया है। दीदी गोगो योजना की घर-घर चर्चा है। हर माता-बहन ने इसे गले लगाया है। इसने नयी ऊर्जा भर दी है। हर महीने 2100 रुपये आयेंगे। 500 रुपये में गैस सिलेंडर और साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की गयी है।

### युवाओं को नौकरी नहीं दी, पेपर लीक कराकर जीवन बर्बाद कर दिया

मोदी ने कहा कि झारखंड के युवाओं को वर्तमान सरकार ने नौकरी तो नहीं दी, लेकिन पेपर लीक कराकर जीवन बर्बाद कर दिया। पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दी जायेगी। भाजपा की सरकार बनने पर पांच लाख युवाओं को नौकरी दी जायेगी।

### प्रधानमंत्री के भाषण के महत्वपूर्ण बिंदु

- झामुमो-कांग्रेस-राजद ने तुष्टिकरण की नीति को चरम पर पहुंचा दिया है।
- गठबंधन सरकार के घुसपैठिये वोट बैंक बन गये हैं।
- घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाये जायेंगे।
- झारखंड में आदिवासी समाज का दायरा सिकुड़ जायेगा।
- झारखंड में अवैध तरीके से हड़पी गयी जमीन को वापस लेने के लिए कानून बनाया जायेगा।
- भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला करता है।
- गैर भाजपा शासित प्रदेशों में लूट मचा के जनप्रतिनिधियों ने रखा है।
- झारखंड बालू तस्करी का केंद्र बनकर रह गया है।
- झामुमो, कांग्रेस और राजद घोर परिवारवादी दल
- 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये।
- झारखंड में भी गरीबी दूर करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है।
- भाजपा ने आदिवासी भागीदारी पर हमेशा बल दिया है।
- कोल्हान की संतान, कोल्हान का गौरव, हमारे चंपाई सोरेन का घोर अपमान किया।
- पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दी जायेगी।
- रोटी, बेटी और माटी की पुकार याद रखिये।
- झारखंड की पहचान बचाने के लिए राज्य में एनडीए की सरकार बनाइये।

### आदिवासी समाज को हम और बनायेंगे मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज को और मजबूत बनाया जायेगा। भाजपा ने इसके लिए अगल मंत्रालय बनाया। कांग्रेस ने तो इसकी जरूरत भी नहीं समझी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना और पीएम जनमन योजना पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब का संघर्ष क्या होता है, मैंने उसको जिया है। निकट से देखा है। तभी तो बीते 10 वर्षों में गरीबों के लिए सबसे बड़ी योजनाएं मैंने बनायीं। इन्हीं योजनाओं का परिणाम है कि 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये। झारखंड में भी गरीबी दूर करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है। कांग्रेस और उसके साथी दलों ने लंबे समय तक आदिवासी समाज को गरीब रखा है, अभावों में रखा।

## मुख्यमंत्री ने डालटनगंज-गढ़वा में केंद्र और भाजपा पर साधा निशाना

# षड्यंत्र के तहत हमारी सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं होने दिया: हेमंत

- मेरा कार्यकाल खत्म होने से पहले चुनाव क्यों?
- भाजपा शुरू से सरकार गिराने की रचती रही साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा/डालटनगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष ने एक साजिश के तहत हमारी सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया। चुनाव समय से एक महीने पहले कराया जा रहा है। भाजपा को लगने लगा कि यह सरकार लंबे समय तक रह गयी, तो भाजपा को झंडा ढोने वाला भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पांच वर्ष सिर्फ सरकार को गिराने का प्रयास किया। साजिश रची गयी। जब सफलता नहीं मिली, तो कार्यकाल से पहले झारखंड में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। आखिर मेरा कार्यकाल खत्म होने से पहले चुनाव क्यों? एनडीए की सरकार रहती तो ऐसा होता क्या? मुख्यमंत्री सोमवार को डालटनगंज और गढ़वा में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने केंद्र और विपक्ष पर जम कर निशाना साधा। साथ ही अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया।

**गोगो दीदी योजना वोट खरीदने का माध्यम:** मुख्यमंत्री ने विपक्ष की घोषणा और योजना पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां योजना से भाजपा को तकलीफ हुई। हालांकि इस योजना के तहत सरकार हर घर में एक लाख रुपये सालाना पहुंचाने का काम करेगी। इसी को देखते हुए भाजपा ने मंईयां योजना जैसी योजना लाने की घोषणा कर दी। 2100 रुपये देने की योजना एक तरह से वोट खरीदने के लिए है।



### हमारी सरकार ने बिजली बिल माफ किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने बिजली बिल माफ किया। भाजपा 2014 से कह रही है कि किसानों की आय दो गुनी कर देंगे। आज तक नहीं हुआ। हमारी सरकार ने किसानों का दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर दिया। इनके पास सिर्फ पूंजीपतियों और कारोबारियों का कर्ज माफी के लिए पैसा है।

### घर बैठे जाति और आय प्रमाण पत्र मिलेगा

हेमंत ने कहा कि अगली बार झामुमो की सरकार बनी, तो घर बैठे जाति और आय प्रमाण पत्र मिलेगा। इसके लिए प्रखंड, अंचल या डीसी ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

# भाजपा नहीं चाहती- राज्य के गरीब बच्चे अच्छी शिक्षा पायें और आत्मनिर्भर बनें : कल्पना सोरेन

- सरकार बनते ही ढिबरा और माइका समस्या का समाधान किया जायेगा
- हमने काम करके दिखाया है, हम जुमले फेंकने वाले लोग नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांडेय।** गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि हमारे राज्य के गरीब बच्चे अच्छी शिक्षा पायें। उनका सपना साकार करें और आत्मनिर्भर बनें। वे नहीं चाहते कि हमारे बच्चे प्रगति की राह पर चलें। वे चाहते हैं कि हमारे बच्चे उनके सामने हाथ फैलायें। उनकी दया पर निर्भर रहें। कल्पना सोमवार को धनवार में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने वादा किया कि सरकार बनते ही यहां की ढिबरा और माइका समस्या का समाधान किया जायेगा।

**बच्चों को हम हर अवसर प्रदान करेंगे:** कल्पना ने कहा कि हम भाजपा को उनकी मंशा में सफल नहीं होने देंगे। हम अपने बच्चों को शिक्षा का वो उजाला देंगे, जो उनकी ज़िंदगी को रोशन कर सके। हम हर वो कदम उठायेंगे, जो उनके बेहतर भविष्य के लिए जरूरी है। हमारे बच्चे झारखंड के गौरव हैं। हम उन्हें वो हर अवसर देंगे जिसके वो हकदार हैं।

### हमारी पार्टी किसी को जाति-धर्म पर नहीं बांटती



कल्पना ने कहा कि उनकी पार्टी किसी को धर्म या जाति के नाम पर नहीं बांटती है। उन्होंने बताया कि आबुआ आवास योजना, पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना समेत सरकार द्वारा किये गये अन्य विकास कार्यों का जिक्र किया। कल्पना ने कहा कि भाजपा ने अपने समय में झारखंड में 13 लाख लोगों को पेंशन दी थी। हमारी सरकार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिर्फ दो साल में 27 लाख लोगों को 1000 रुपये पेंशन देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमने काम कर-के दिखाया है और हम जुमले फेंकने वाले लोग नहीं हैं।

### आपके उत्साह में पार्टी की जीत दिखायी दे रही

कल्पना ने कहा कि धनवार विधानसभा क्षेत्र के चुनावी जनसभा में आप सभी का उत्साह देखकर मेरा हौसला और भी बढ़ गया है। आपके समर्थन और विश्वास ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि इस बार धनवार से झामुमो की प्रचंड जीत होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.0 °c | 16.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.08 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.55 बजे | |



# आज संथाल की राजनीति घुसपैठिये तय कर रहे हैं, हेमंत प्रवक्ता बन गये हैं : हिमंता बिस्वा सरमा

- हेमंत सोरेन से पूछा : क्या आप चाहते हैं कि झारखंड में एक व्यक्ति चार-चार शादी करे, बाल विवाह हो, फिर यूसीसी का विरोध क्यों
- आदिवासी समाज पर लागू नहीं होगा यूसीसी फिर हेमंत क्यों विरोध कर रहे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा एवं झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सिदो कान्हू के वंशज सह बरहेट विधानसभा से झामुमो के प्रत्याशी हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू को भाजपा में शामिल कराया। ज्वाइनिंग कराने के बाद चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा पिछली बार की तुलना में इसबार ज्यादा सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि आज संथाल परगना का पॉलिटिकल भविष्य घुसपैठिये तय करते हैं ना कि आदिवासी, मूलवासी और भारतीय मतदाता। अतः झारखंड में यूसीसी की जरूरत है। यूसीसी कानून के दायरे से यहां के आदिवासियों को बाहर रखा जायेगा। उनको इसमें शामिल नहीं किया जायेगा। वे अपनी परंपरा और रीति रिवाज के साथ जीवन यापन करेंगे, उसमें किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पहले यूसीसी क्या है, उसे समझना होगा। इसके लागू होने से यहां पर बाल विवाह नहीं होगा। कोई भी चार-चार शादी नहीं कर सकेगा। अतः आज इसकी देश को जरूरत है।

सरमा ने कहा कि मेरे ऊपर बार-बार चुनाव आयोग से शिकायत की जाती है कि मैं घुसपैठियों को खिलाफ क्यों बोलता हूं। इसका मतलब है कि मैं घुसपैठियों के खिलाफ नहीं बोलूं। इससे यह साबित होता है कि झामुमो घुसपैठियों का समर्थक और प्रवक्ता है इसलिये वे इसके बारे में ज्यादा बोलते हैं।

**यूसीसी का विरोध क्यों कर रहे हेमंत :** सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन यूसीसी का विरोध क्यों कर रहे हैं। हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि क्या देश में चार-चार विवाह होना चाहिए, बाल विवाह होना चाहिए। सरमा ने कहा कि मंडल मुर्मू से मेरी बातचीत हुई। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम दोनों ने तय किया कि वह हेमंत सोरेन के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ेंगे। क्योंकि इससे एक गलत मैसेज जाता और हेमंत सोरेन का नामांकन भी खारिज हो जता, यह हम लोग नहीं चाहते थे। सरमा ने कहा कि भाजपा चुनाव के बाद मंडल मुर्मू और चंपाई सोरेन के द्वारा भाजपा के संदेश को संथाल और आदिवासी समाज के बीच ले जाने का मकसद है न कि राजनीतिक इस्तेमाल करने का। सरकार की योजनाओं को समाज के बीच ले जाने का काम करेंगे। सरमा ने बताया कि 6 और 7 नवंबर को छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए हमारी चुनावी सभाएं कम होंगी। उसके बाद 8 नवंबर से लेकर 11 नवंबर तक पहले की तरह धुआंधार जनसभाएं होंगी। सरमा ने कहा कि सहारा इंडिया में झारखंड के लोगों ने जो बचत के लिए रखा था वो सारा पैसा उन्हें जरूर मिलेगा।

## सिदो-कान्हू के सपने को पूरा करने के लिए भाजपा जरूरी : मंडल

सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू प्रस्तावक बनने के बाद भाजपा में शामिल होने पर कहा कि देखिए देश की भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है। सबको सम्मान देती है। हमारे पूर्वज अमर शहीद सिदो-कान्हू के सपने को सच करने के लिए भाजपा का साथ जरूरी है। इसलिए मैं भाजपा शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में आदिवासियों और मूलवासियों की अस्मिता खतरे में है। संथाल में आदिवासियों की संख्या कम हुई है। भोगनडीह में मुसलमान ज्यादा हैं आदिवासी कम। उन्होंने कहा कि मेरी गिरफ्तारी को लेकर जिस प्रकार से सोशल मीडिया में खबरें चल रही हैं उस तरह से मुझे गिरफ्तार नहीं किया गया था। बल्कि साधारण रूप से रोका गया, चेक किया गया और पूछा गया कि कहां जा रहे हो और क्यों जा रहे हो बस।

### जेएमएम ने पीएम पर लगाया झूठ बोलने का आरोप

# सरना धर्म कोड मोदी की गारंटी क्यों नहीं है : सुप्रियो भट्टाचार्य

- बीजेपी को परिवारवाद पर बोलने का अधिकार नहीं
- झूठ का पुलिंदा है भाजपा का संकल्प पत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जेएमएम पर परिवारवाद का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि मोदी ने परिवारवाद को झारखंड का दुश्मन बताया है। इस पर सुप्रियो ने तंज कसते हुए कहा कम से कम बीजेपी को परिवारवाद पर बोलने का अधिकार नहीं है। कहा कि इसी चुनाव में उनकी पार्टी ने बाप और बेटे दोनों को टिकट दिया है। एक पूर्व मंत्री की पत्नी को टिकट दिया है। एक और पूर्व सीएम की बहू को टिकट दिया है। कहा कि एक सजायाफ्ता पूर्व सीएम की पत्नी को भी बीजेपी ने टिकट दिया है। ये पूर्व सीएम भी बीजेपी के नेता हैं। हालांकि इस बीच उन्होंने मधु कोड़ा का नाम नहीं लिया। कहा कि ये सूची लंबी है। जेएमएम नेता ने कहा, इसी तरह बीजेपी के अमित शाह भी संकल्प पत्र जारी कर के गये हैं। ये झूठ का पुलिंदा है। कहा कि सच मायनों में पीएम मोदी के पास झारखंड में बोलने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है।

सुप्रियो ने आगे कहा कि जेएमएम की सरकार ने हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव कैबिनेट में पास कराया और मोदी कहते हैं ये मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी सरना धर्म कोड क्यों नहीं है।

सुप्रियो ने डबल इंजन की सरकार पर तंज करते हुए कहा कि 2019 तक राज्य में डबल इंजन की सरकार थी। कहा कि इस डबल इंजन की सरकार में क्या हुआ। कितने उद्योग यहां लगे और कितने बंद हो गये। उन्होंने पीएम मोदी से कहा इस तरह देश नहीं चल सकता। कहा कि पीएम मोदी एक ही बात बोलते रहे हैं कि झारखंड का अपमान हो रहा है। लेकिन बीजेपी की वजह से तो देश का अपमान हो रहा है।

सुप्रियो ने आगे कहा, मोदी ने बताया कि 2014 के पहले विदेशी भारतीयों को खुद को भारतीय कहने में शर्म आती थी। लेकिन सच्चाई ये है कि 2014 के बाद से अब तक 2 लाख 20 हजार भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। इन सभी लोगों ने विदेश में रहना पसंद किया। कहा कि ये रिपोर्ट आपके विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय की है। संसद में भी ये रिपोर्ट मौजूद है। कहा कि संसद में गढ़वा जैसा झूठ नहीं बोला जा सकता। चाइबासा जैसा झूठ नहीं बोला जा सकता।

जेएमएम ने आगे कहा, पीएम ने कहा यहां सड़कें बनेंगी। उद्योग लगेंगे। कहा जब डबल इंजन की सरकार थी, तो ये सब क्यों नहीं हुआ। कहा, झारखंड मोमेंटम कार्यक्रम हुआ। लेकिन परिणाम क्या है। पावरोटी बेचने वाले को 5 एकड़ जमीन दे दी गयी। कहा कि उस समय एक टर्म आया था, अर्थ ब्रेकिंग सेरेमनी। यानी पृथ्वी को तोड़कर कुछ उपर आ गया।

सुप्रियो ने आगे कहा कि इसी तरह पीएम मोदी ने एक और झूठ बोला। कहा कि हरियाणा में सरकार बनते ही एक लाख नौकरी दे दी। वो भी बिना पर्ची और खर्ची के। कहा पीएम का भाषण सुनकर हरियाणा से एक व्यक्ति ने उनको फोन किया और पीएम मोदी से पूछने को कहा कि हरियाणा में किसे नौकरी मिल गयी है। कहा कि हरियाणा में विज्ञापन तक नहीं निकला है तो फिर पर्चा कहां से आ गया। कहा कि चाइबासा में पीएम मोदी के पहुंचने के पहले ही लोग सभा स्थल से चले गये। कहा लोगों को ढोकर सभा में लाया गया था। देर होने पर लोगों ने सोचा वोट तो देना नहीं है भाषण क्यों सुनें।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे,प्रभावशाली माध्यम से लाभ।

**वृष** ऑफिस में किसी तरह की मीटिंग को नजरअंदाज करने की कोशिश न करें।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा,परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।

**कर्क** सामाजिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ,विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधा मिलेगा।

**सिंह** आज का दिन अनुकूल एवं शुभ फलदायक है,चारों ओर से लाभदायक समाचारों की प्राप्ति।

**कन्या** निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा ।

**तुला** परिश्रम का पूरा फल मिलेगा, मधुर वाणी व चतुराई से आप अपने काम बना लेंगे।

**वृश्चिक** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**धनु** नवीन योजनाएं कार्यान्वित होगी,कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।

**मकर** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। कर्मक्षेत्र में नये विरोधियों से नयी कठिनाइयां उत्पन्न हो सकता है।

**कुंभ** बेरोजगारों को रोजगार का साधन उपलब्ध होंगे। राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानांतरण होने की संभव हो सकेगा।

**मीन** बुद्धि-चतुरता से कर्मक्षेत्र में जटिल समस्या का समाधान मिलेगा, आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### मूलवासी सदान मोर्चा का बड़ा फैसला, किसी दल को समर्थन नहीं

# मूलवासी सदानों की बात करने वालों को जितायें: राजेंद्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में रांची में हुई।

बैठक में कहा गया है मूलवासी सदान मोर्चा एक समाजिक संगठन है और 65%मूलवासी सदानों के अधिकारों को लेकर लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहा है। मूलवासी सदान मोर्चा से जुड़े लोग विभिन्न राजनीतिक दलों से भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में राजनीतिक पार्टी अपने-अपने पार्टी से कुछ टिकट देगी एसी उम्मीद थी, लेकिन ऐसा कोई राजनीतिक पार्टी ने नहीं किया। इसको देखते हुए सर्वसहमति से निर्णय हुआ कि मूलवासी सदान मोर्चा किसी एक दल को समर्थन नहीं देगा और वैसे प्रत्याशी को चुनाव में जीतने का प्रयास करेगा जो सदानों के प्रति प्रति सहानुभूति रखते हैं।

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा ने स्थानीय नीति, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने और सात जिलों में आरक्षण शून्य है, उसमें सुधार कराने को लेकर हमेशा आंदोलन किया लेकिन दुर्भाग्यवश नियोजन नीति और स्थानीय नीति ओबीसी आरक्षण के नाम पर गठबंधन की सरकार बनी थी लेकिन सरकार ने वादा खिलाफी किया है। मूलवासी सदानों को भी राजनीतिक अधिकार मिले इसके लिए मोर्चा विधानसभा का सीट को 160 करने और लोकसभा की सीट को 14 से 28 करने 2026 में परिसीमन कराने की मांग केंद्र सरकार से करती है। इसका राजनीतिक दल समर्थन करते हैं या नहीं वह स्पष्ट करें।

बैठक में झारखंड आंदोलनकारी वरिष्ठ सलाहकार क्षितीश कुमार राय, मुमताज खान, धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, बसंती देवी, उमेरा खातुन, सुरेश महतो, सुशील साहू, बृजेश महतो, मुरारी पांडेय, पीतांबर गोप, अनोज महतो, कृष्णा महतो, सुदर्शन ठाकुर, शंभू गोप राजू दुबे, हर्ष, तनवीर अंसारी, निधि गुप्ता, देवानंद सिंह, सुनील ओहदार, प्रकाश साहू, नवल सिंह, विभा गुप्ता, सुरेंद्र लोहार, महली गोप, डॉ अमर यादव,गिरवा गोप, मो, सरवर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन धनंजय कुमार राय, संचालन विशाल कुमार सिंह ने किया।

# ये झारखंड के अस्तित्व को बचाने का चुनाव है : शिवराज

- अंग्रेज अन्याय, अत्याचार करते थे, जेएमएम सरकार में भी शोषण की अति है
- राज्य में उलगुलान की जरूरत, जेएमएम विदेशी घुसपैठियों को वोट बैंक मानती है
- बालू, पत्थर, खनिज, मनरेगा, आवास सबका पैसा खा गया जेएमएम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को झारखंड की खिजरी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार रामकुमार पाहन के समर्थन में आयोजित सभा में राज्य की गठबंधन सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने वन संपदा, जल संपदा और खनिज संपदा से भरपूर राज्य को तबाह और बर्बाद कर दिया है। पूरे प्रदेश को लूट लिया है। यहां, नेताओं मंत्रियों के घरों से पैसों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं और झारखंड की जनता त्राही-त्राही कर रही है। जेएमएम ने झारखंड को विनाश की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है और यही वजह है कि, अब झारखंड की जनता ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। झारखंड में भाजपा ही सुशासन स्थापित करेगी।

**झारखंड में नयी क्रांति की जरूरत है :** चौहान ने कहा कि अगर झारखंड को बचाना है तो एक नयी क्रांति करनी पड़ेगी। ये वो धरती है जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था। आज जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार में भी शोषण की अति हो गयी है। यहां बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। विदेशी घुसपैठिये यहां आ रहे हैं। बेटियों को भ्रम के जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं और जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही इन विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जायेगा। यहां भी अब 'उलगुलान' की जरूरत है, एक नयी क्रांति की जरूरत है।

**झारखंड की तस्वीर बदलना, भाजपा का प्रण :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद झारखंड की धरती पर हर गरीब को पक्का मकान बनाने के लिए राशि दी जायेगी और बालू फ्री दी जायेगी। पांच एकड़ तक की जमीन वाले किसानों को प्रति एकड़ 5 हजार रुपये की राशि दी जायेगी।




## महिला सशक्तिकरण, हमारा संकल्प

चौहान ने कहा कि, पांच साल पहले हेमंत सोरेन ने महिलाओं से वादा किया था कि, उन्हें प्रति माह 2 हजार रुपये चूल्हा खर्च के लिए दिया जायेगा, लेकिन 4 साल 10 महीने बहनों की याद नहीं आयी और चुनाव आते ही वोटों की लालच में बहनों के खाते में 1-1 हजार रुपये डाल दिये। प्रति माह 2 हजार रुपये के हिसाब से एक साल के 24 हजार रुपये होते हैं और पांच साल के हिसाब से ये राशि 1 लाख 20 हजार रुपये होती है, लेकिन बहनों के खाते में केवल 2 हजार रुपये आये हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि, हेमंत सोरेन पहले 1 लाख 18 हजार रुपये का हिसाब दो। केंद्रीय मंत्री ने भाजपा के पांच प्रण को बताते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है।

# आंखों की बीमारी के लिए झारखंड से बाहर जाने की जरूरत नहीं: डॉ सुबोध कुमार सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को आईरिस आई केयर सेंटर रांची में एक प्रेस वार्ता का योजना किया गया। इस दौरान डॉ सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि 32 वर्ष की एक महिला का मोतियाबिंद और रेटिना का सफल सर्जरी की गयी। जिससे 16 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद उनकी आंखों की रोशनी वापस आ गयी। साथ ही 5 महीने की एक बच्ची की आंख का परदा (रेटिना) सिकुड़ जाने के कारण रोशनी चली गयी थी, पर डॉ. सुबोध कुमार सिंह द्वार जटिल ऑपरेशन के बाद उसकी आंख की रोशनी फिर से वापस आ गयी। अब दोनों ही मरीज और उनके परिवार वाले बहुत ही खुश हैं। आईरिस आई अस्पताल इसी प्रकार अपने बेहद अनुभवी डॉक्टर और आधुनिक उपकारणों द्वार अपने देश वासियों को सेवा प्रदान करता रहेगा। साथ ही डॉक्टर सुबोध ने कहा कि अब आंखों की किसी भी बीमारी के लिए मरीजों को झारखंड से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। झारखंड में ही इसका पूरा इलाज आईरिस आई अस्पताल कर रहा है।




प्रेस वार्ता में डॉक्टर सुबोध कुमार सिंह (मैनेजिंग पार्टनर, विट्रो रेटिना सर्जन), डॉ गोपाल सिंह (सीनियर कैटरेक्स सर्जन), डॉ एम सिराज अली (ग्लूकोमा सर्जन), एवं डॉ नवनीत चतुर्वेदी (आरोपी एंड रेटीना सर्जन) उपस्थित थे।


**प्रारूप C-1**

**आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार
(पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

नाम :- **पास्टर संजय कुमार तिर्की**
राजनीतिक दल का नाम :- **निर्दलीय**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **60, खूंटी**

मैं **पास्टर संजय कुमार तिर्की** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँः-

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | न्यायिका दंडधिकारी प्रथमश्रेणी गुमला | कुरूमगढ़ थाना कांड सं. 10/24 11.09.2024 | लंबित | 316 (2) 318 (A) 356 / 178 BNS 2023 |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय (यो) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
| --- | --- | --- | --- |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ह0/-
**पास्टर संजय कुमार तिर्की**
निर्दलीय विधानसभा 2024
झारखण्ड

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 05 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


### सीएम ने साधा निशाना, फूट डालो और राज करो की नीति अपना रही भाजपा

# लोगों का मिल रहा आशीर्वाद, हम फिर बना रहे सरकार: हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** भारतीय जनता पार्टी के लोग फूट डालो और राज करो कि नीति में विश्वास करने वाले लोग हैं। ये हमारे झारखंडवासियों को हिंदू-मुसलमान, सिख-इसाई व अगला पिछड़ा के नाम पर लड़ाने का काम कर रहे हैं। उक्त बातें हेमंत सोरेन ने हटिया विधानसभा क्षेत्र के रातू तिगरा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आज पूरे झारखंड में सड़कों का जाल बिछा है। महिला सशक्तिकरण में काम किया जा रहा है। हमारे हमारे बच्चे बच्चियां इंजीनियर, डॉक्टर, वकील बनें इसके लिए हम लोगों ने नियम कानून बनाये। उन्होंने कहा कि हमारी योजना पंचायत की एक-एक गांव तक पहुंच रही है। हमारी सरकार सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत हर माह 1 हजार रुपये दे रही है। राज्य भर के लोगों का बिजली बिल माफ कर दिया गया। वृद्धा पेंशन दे रही है। हमारी सरकार बनते ही 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के हर महिला को हर महीने 2500 रुपये दिया जायेगा। उन्होंने सभा में आये ग्रामीणों और महिलाओं से हाथ जोड़कर कहा कि इतने लोगों का आशीर्वाद मिला तो हम लोग फिर से सरकार बनायेंगे और आने वाले समय में झारखंड का चहुंमुखी विकास की एक लंबी लकीर खींचेंगे। सभा को संबोधित करते हुए अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि मैं लगातार कई वर्षों से क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में शामिल रहा हूं। मुझे एक मौका दीजिये, मैं हटिया विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाऊंगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर हर अमीर गरीब का समान अधिकार है। अगर जनता उन्हें मौका देती है तो हटिया विधानसभा में सभी सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल के तर्ज पर विकसित करूंगा। साथ ही सरकारी स्कूल में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ संगीत, खेल जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायेंगे। युवाओं में बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्योग धंधे स्थापित कराऊंगा। उन्होंने लोगों से हटिया क्षेत्र के लोगों के लिए हटिया में ही रोजगार की व्यवस्था व ईलाज के लिए एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खुलवाने का वादा किया।

**इन्होंने किया सभा को संबोधित :** केंद्रीय मंत्री सुबोध कुमार सहाय, पदमश्री मधु मंसूरी, कमरुल हक, अक्लिमा खातून, महावीर विश्वकर्मा, बेलस तिर्की, रामनंदन महतो, बेलाल अंसारी, मुस्ताक आलम, सुखदेव उरांव, कुशल उरांव ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुशांत तिर्की और कुमार अतुल राज व धन्यवाद ज्ञापन अमर उरांव ने दिया।

**कार्यक्रम में शामिल थे :** शमीम मंसूरी, सोनी कच्छप, प्रतिमा बड़ा, रेणु तिर्की, अंशु लकड़ा, प्यारी उरांव, सुष्मिता तिर्की, रायमुनि किस्पोट्टा, चारे भगत, मोहन उरांव, अर्चना उरांव, बिक्की उरांव, खलील अंसारी, खुशबू ठाकुर, पारो रानी, गीता देवी, मंसूर आलम, मियांजान अंसारी, धर्मेंद्र सिंह, असलम अंसारी, सिंधबाज खान, पंचम सिंह, मेरी तिर्की के अलावा झामुमो एवं कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



### पीएम से हेमंत सोरेन का विनम्र आग्रह, झारखंड का 1.36 लाख करोड़ हमें लौटा दें

रांची (आजाद सिपाही)। सीएम हेमंत सोरेन ने एक बार फिर पीएम नरेंद्र मोदी से झारखंड का अधिकार मांगा है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे के अवसर पर मैं विनम्रतापूर्वक उनसे आग्रह करता हूं कि झारखंड के इस न्यायसंगत अधिकार को हमें लौटाया जाये। इससे पहले भी सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा था कि यह न केवल हमारा हक है, बल्कि राज्य के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। मैं पुनः उनसे करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि हम झारखंडियों का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये हमें लौटा दें। झारखंड एवं झारखंडियों के विकास के लिए यह राशि अत्यंत आवश्यक है। मैं भाजपा के साथियों, खास कर के सांसदों से भी अपील करूंगा कि वे हम झारखंडियों के इस बकाये को दिलाने में हमारी मदद करें।

# भाजपा ने लगाया रेकी और फोन टेप करने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश भाजपा ने भाजपा नेताओं की रेकी करने और फोन टेप करने का आरोप लगाया है। इस मसले को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुकालात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन भी सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार के इशारे पर पुलिस के वरीय पदाधिकारी द्वारा भाजपा नेताओं का फोन टेप कराया जा रहा है। नेताओं की रेकी भी की जा रही है। भाजपा नेताओं के यहां छापेमारी की भी योजना बनायी जा रही है। चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं की हत्या भी करायी जा सकती है।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 04.11.2024
शुद्धिपत्र -XII
विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 20.12.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303
उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 06.11.2024 को स्थगित कर 20.12.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।
(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in
3408/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 33/SRF/YP-II/2024-25
वॉक-इन-इंटरव्यू 22.11.2024 भाकृअनुप-नेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट, कटक में "राष्ट्रीय जलवायु सहनशील कृषि में नवाचार" (ईएपी-245) योजना के अंतर्गत एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो और दो (02) युवा प्रोफेशनाल-II के चयन के लिए आयोजित किया जाएगा। आवश्यक / इच्छित योग्यताओं, आयु, पारिश्रमिक की राशि आदि और अन्य शर्तों एवं नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी भाकृअनुप-नेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध हैं।
Walk-in-Interview will be held on 22.11.2024 for selection of One (01) Senior Research Fellow & Two (02) Young Professional-II at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "National Innovations in Climate Resilient Agriculture" (EAP-245). The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - https://icar-nrri.in.
प्रधान अन्वेशक / PRINCIPAL INVESTIGATOR



## Format C-1

*(For candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases.

*(As per the judgment dated 25'September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **SHRI HARELAL MAHTO R/o H. No. 174 Village Bahudih, P.O. Bahudih, P.S. Chandil, District Seraikela Kharsawan.**

Name of political party: **AJSU Party**
Name of Election : **STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**
* Name of Constituency: **50 – ICHAGARH**I Harelal Mahto, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl No | Name of Court | Case No and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | J.M. 1st Class Seraikella | G.R NO. - 09/2024 | Evidence | S. 414, 34 IPC, S. 2 1 MMDR Act. S. 54 JMMC Act., S. 9/13 JMDR Act. (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 2 | J.M. 1st Class No. 24 Jamshedpur | G.R NO.- 1949/2018 | Evidence | S. 4/21/MMDR Act & S. 54 OF JMMC Rules 2004, Amendment 2017.(Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 3 | J.M. 1st Class cum Addl Civil Judge (Sr. Div) IX, Jamshedpur | G.R NO.- 1221/2019 | Charge | S. 379/414 of IPC & S. 4/21 MMDR Act. & S. 54 (5) JMMC Rules 2004, Amendment 2017. (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 4 | A.D.J. Chandil | S.T. - 133/21 | Evidence | S.147/148/149/353/307/323/341/427/186/ 188/269/270 OF IPC & S. 51 of Disaster Management Act , 2005 & S. 3 of Epidemic 1897. (Case relating to Negligent act l ikely to cause disruption of public safety and spread infection of disease) |
| 5 | A.D.J. Chandil | S.T.- 188/21 | Evidence | S.147/148/149/353/307/323/341/427/186/ 188/269/270 OF IPC & S. 51 of Disaster Management Act . 2005 & S. 3 of Epidemic 1897. (Case relating to Negligent act l ikely to cause disruption of public safety and spread infection of disease) |
| 6 | S.D.J.M. Chandil | G.R NO.- 185/22 | Appearance | S. 188/34 of IPC 51 Disaster Management Act . 2005 . (Offence related to v iolation of orders relating to Covid-19 Lockdown) |
| 7 | S.D.J.M. Chandil | G.R NO.- 273/22 | Appearance | S. 411/414/34 of IPC & S. 9/13 JMMCR 2017 & S. 4/54 JMMC 2004 . (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 8 | A.C.J.M. Chandil | G.R NO.- 214/21 | Appearance | S. 379/414 of IPC & S. 4/54/67 JMMCR 2004 & JMMTC ££ 9. (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 9 | A.C.J.M. Chandil | G.R NO.- 393/23 | Appearance | S. 411/414/34 of IPC & 9/13 JMMCR 2017 & 4/54 JMMC 2004 & MMDR Act. 1957 U/S 4 (1) (A)/21 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 10 | A.C.J.M. Chandil | G.R NO. - 109/23 | Evidence | S. 188/186/34 OF IPC & 51 OF Disaster Management Act. 2005. (Offence related to violation of orders relating |
| 11 | A.C.J.M. Chandil | Nimdih PS - 19/24 | Appearance | S. 4/5 OF Explosive Substances Act . & 25(1 -B) (A)/26 of Arms Act. (Offence related to unauthorized handling of explosives and firearms) |

(B) Details about cases of conviction of criminal offences

| Sl No | Name of Court and date(s) of order(s) | Description of off ice(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NA | NA | NA | NA |


# कई कॉरपोरेट अवाड्र्स से सीसीएल सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड/सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस पर कोल इंडिया में आयोजित समारोह में सीसीएल को हाइएस्ट डिपार्टमेंटल कैपेसिटी यूटीलाइजेशन, एंप्लॉयी वेलफेयर, सीएसआर एवं क्लीनलीनेस ऑफ कॉलोनी मेंटेनेंस एवं सीएसआर एक्सपेंडिचर में द्वितीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा व्यक्तिगत केटेगरी में विजिलेंस एक्सीलेंस अवार्ड बिमल कुमार को, इंडिविजुअल एक्सीलेंस अवार्ड एस के सिंह को, बेस्ट एचओडी का अवार्ड अजय सिंह को एवं बेस्ट एरिया जीएम अजय सिंह को दिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार जी किशन रेड्डी, सचिव, कोयला मंत्रालय, विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, रूपिंदर बरार, अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, विस्मिता तेज, कोल इंडिया के अध्यक्ष, पीएम प्रसाद, निदेशक (पीएंडआइआर), विनय रंजन, निदेशक (व्यवसाय विकास), देबाशीष नंदा, निदेशक (विपणन), मुकेश चौधरी, निदेशक (वित्त), मुकेश अग्रवाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीआइएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी तथा सीसीएल के सीएमडी एनके सिंह एवं विभिन्न कंपनियों के सीएमडी सहित कोल इंडिया तथा सीसीएल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## वीवीपीएस में उत्सव का किया गया आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। वीवीपीएस में एक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालयों के कुलपति, कॉलेजों के प्राचार्य, प्रतिष्ठित स्कूलों के निदेशक/प्राचार्य, कोचिंग संस्थानों के निदेशक और मीडिया प्रतिनिधि शामिल थे। प्राचार्य, जया प्रसाद ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी उपस्थिति के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षा में सामूहिक दृष्टिकोण और बच्चों के समग्र विकास के लिए निष्ठापूर्वक प्रयासों पर प्रकाश डाला। सुमंत सिंह, उप महानिरीक्षक, गोपाल पाठक, सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक, एसपी अग्रवाल, साईंनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति, रमन झा, पूर्व कुलपति, एमिटी विश्वविद्यालय, डॉ. राम सिंह, प्राचार्य डीपीएस मथुरा रोड और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हमारे शिक्षा प्रणाली को सशक्त और समृद्ध करने के लिए अपने अमूल्य विचार साझा किये। उनका सामूहिक ज्ञान हमें आगे का स्पष्ट मार्ग प्रदान करता है, जो शैक्षिक मानकों को ऊंचा करने और हमारे छात्रों को भविष्य के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने के महत्वपूर्ण कदमों को उजागर करता है।

## सूर्य मंदिर में छठ महापर्व महोत्सव का आयोजन 6 से

रांची (आजाद सिपाही)। इस वर्ष भी छठ महापर्व महोत्सव का आयोजन सूर्य मंदिर ट्रस्ट, धुर्वा, रांची में किया जा रहा है। खरना : कार्तिक शुक्ल पक्ष, पंचमी, बुधवार, 6 नवंबर (प्रसाद वितरण : शाम 7.00 बजे से) और छठ महापर्व के अवसर पर सूर्य मंदिर में रव्यांशी सिंह, सिंगापुर द्वारा तीनमन दूध से खीर का महा भोग की व्यवस्था की गयी है जो भगवान सूर्य को भोग लागाया जायेगा। रव्यांशी सिंह, एक बाल लेखिका हैं जिसकी आयु अभी केवल 10 वर्ष है। उनके माता का नाम डॉ शुभालक्ष्मी सिंह, वैज्ञानिक सिंगापुर एवं पिता रवि सिंह, निदेशक,ओटोडेक्स, सिंगापुर हैं। वह अपने लेख में विज्ञान, लोक संस्कृति, प्राकृतिक भाषाओं, लेखन लिपि और बहुत कुछ से संबंधित जानकारी खोजने में गहरी रुचि है। रव्यांशी यूरोप में वेनिस, रोम, स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रिया जैसी जगहों पर जा चुकी हैं। कला और वास्तुकला ने उन्हें अंदर तक आकर्षित किया।

## सिर्फ नकारात्मक और समाज को तोड़ने का बयान दे रहे हैं बीजेपी के झारखंड प्रभारी : आलोक दुबे



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा है झारखंड चुनाव के मद्देनजर बीजेपी के झारखंड प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा जिस दिन से झारखंड आ रहे हैं समाज को तोड़ने की बात कर रहे हैं। सांप्रदायिकता का जहर घोलने की बात कर रहे हैं। एनआरसी की बात करते हैं, बंटोगे तो कटोगे की बात करते हैं। हिंदुस्तान पाकिस्तान, घुसपैठिये की बात करते हैं। एक मुख्यमंत्री के मुंह से ऐसी बातें शोभा नहीं देती हैं। उन्होंने कहा भाजपा के झारखंड प्रभारी अपने किसी भी संबोधन में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, युवाओं को रोजगार, महिला सशक्तिकरण, मूलभूत आवश्यकताओं एवं जरूरत के मुद्दे पर कोई बात नहीं करते हैं। हिमंता की लाख कोशिशों के बावजूद समाज को बांटने की राजनीति झारखंड में सफल नहीं होगी और हम एक बार फिर 2024 में एक प्रचंड जनादेश लेकर सत्ता पर काबिज होने जा रहे हैं।

# निर्मला कान्वेंट हाइस्कूल में कार्यशाला का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। निर्मला कान्वेंट हाइस्कूल में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी सह छात्र-छात्राओं की डिजिटल आइडी हेतु कार्यशाला का आयोजन किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा अभिभावक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस शिक्षक- अभिभावक गोष्ठी के माध्यम से बच्चों के पठन-पाठन, सुरक्षा,अनुशासन तथा विद्यालय के द्वारा छात्र-छात्राओं को विद्यालय के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को और बेहतर करने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गयी। पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका किरण कुमारी तथा अनामिका छेत्री के द्वारा किया गया। मौके पर अनिमा इक्का, निशा कुमारी, किरण कुमारी, सुधा कुमारी, अनामिका छेत्री सुधीर कुमार निधि, कुमारी सुरेश कुमार इत्यादि के साथ अभिभावक भी उपस्थित थे।

# अपना भला चाहते हैं जस्टिन ट्रूडो

कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार के रवैये को देखते हुए यह साफ है कि वह दोनों देशों के रिश्तों को सुधारने या इन्हें दोबारा पटरी पर लाने के बिल्कुल मूड में नहीं है। जिस तरह से बिना कोई ठोस सबूत मुहैया कराये वह भारत पर लगाये अपने आरोपों का दायरा बढ़ाती जा रही है, उसे द्विपक्षीय रिश्तों की बेहतरी की किसी भी भावना से जोड़ना मुश्किल है। यह काफी हद तक साफ तभी हो गया था, जब पिछले साल महज सूचनाओं के आधार पर जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश की संसद में यह आरोप लगा दिया था कि वहां हुई एक खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है, तब भी भारत ने यही कहा था कि उनके पास अगर कोई ठोस सबूत हैं, तो मुहैया करायें, मामले की जांच करायी जायेगी, लेकिन उधर से कोई सबूत नहीं दिये गये। हुआ यह कि पिछले दिनों खुद ट्रूडो को एक समिति के सामने कबूल करना पड़ा कि उनके पास कोई सबूत नहीं थे। दिलचस्प है कि इस सार्वजनिक शर्मिंदगी के बाद भी उनकी सरकार के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। वह अभी तक कोई सबूत नहीं दे पा रही है, लेकिन अलग-अलग तरीकों से आरोपों का दायरा बढ़ाती जा रही। पहले कनाडा में भारत के उच्चायुक्त को पर्सन ऑफ इंटरेस्ट घोषित कर दिया और फिर अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट में स्टोरी प्लांट करवाई कि इस हत्या के पीछे भारत के गृहमंत्री का हाथ है। ऐसे में स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि आखिर कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार इस तरह की हरकतें क्यों कर रही है, जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के तय मानकों में कहीं से फिट नहीं बैठतीं। घटनाओं और हालात के जरिए इसे समझने की कोशिश करें, तो यह जाहिर हो जाता है कि वह घरेलू राजनीतिक दबावों और चुनावी फायदों से निर्देशित हो रही है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मानक और द्विपक्षीय रिश्तों की बेहतरी कम से कम फिलहाल उसकी प्राथमिकता में नहीं हैं। अफसोस की बात यह है कि इस स्थिति का प्रभाव न सिर्फ दोनों के रिश्तों पर बल्कि कनाडा में रह रहे या वहां पढ़ाई के लिए जाने की सोच रहे छात्रों और युवाओं पर पड़ रहा है। इन पहलुओं को देखते हुए ही इन हालात में भी भारत ने यह दोहराया है कि द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में आज भी उसकी मुख्य चिंता उन खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियां ही हैं, जिन्हें अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर बेलगाम छोड़ दिया गया है। देखना होगा कि कब कनाडा में अंदरूनी राजनीति के समीकरण बदलते हैं या कब वहां की सरकार अंतरराष्ट्रीय मामलों को घरेलू राजनीति के दबावों से अलग रखने का अनुशासन दिखा पाती है।

**अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मानक और द्विपक्षीय रिश्तों की बेहतरी कम से कम फिलहाल उसकी प्राथमिकता में नहीं हैं। अफसोस की बात यह है कि इस स्थिति का प्रभाव न सिर्फ दोनों के रिश्तों पर, बल्कि कनाडा में रह रहे या वहां पढ़ाई के लिए जाने की सोच रहे छात्रों और युवाओं पर पड़ रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बेरोजगारी, बीमारी या सेवानिवृत्ति जैसी आकस्मिकता के दौरान श्रमिकों को वित्तीय सहायता प्रदान करके सामाजिक सुरक्षा उपभोक्ता खर्च को बनाये रखने, अर्थव्यवस्था को स्थिर करने और विकास को बढ़ावा देने में मदद करती है। एक विश्वसनीय सुरक्षा व्यवस्था लोगों को श्रम बाजार में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती है। इससे राष्ट्र के सतत विकास के उद्देश्य से व्यापक आर्थिक नीतियों को मदद मिलती है।**

# राष्ट्र निर्माण के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों में वृद्धि



**मनसुख मांडविया**

राष्ट्र निर्माण के लिए सामाजिक सुरक्षा निःसंदेह आवश्यक है। आर्थिक स्थिरता, मानव पूंजी विकास, कार्यबल की बढ़ती भागीदारी और आर्थिक नीतियों के समर्थन जैसे कई प्रमुख कारणों से, विशेष रूप से श्रमिकों के संबंध में, इसकी विशेष आवश्यकता है। बेरोजगारी, बीमारी या सेवानिवृत्ति जैसी आकस्मिकता के दौरान श्रमिकों को वित्तीय सहायता प्रदान करके सामाजिक सुरक्षा उपभोक्ता खर्च को बनाये रखने, अर्थव्यवस्था को स्थिर करने और विकास को बढ़ावा देने में मदद करती है। एक विश्वसनीय सुरक्षा व्यवस्था लोगों को श्रम बाजार में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करती है। इससे राष्ट्र के सतत विकास के उद्देश्य से व्यापक आर्थिक नीतियों को मदद मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रणनीतिक दृष्टिकोण से प्रेरित होकर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने श्रम कानूनों को संहिताबद्ध करने; प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना (पीएम-एसवाइएम) और राष्ट्रीय पेंशन योजना-व्यापारी योजना जैसे कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और उपाय कार्यान्वित किये हैं। इनमें श्रम कानूनों के प्रवर्तन में पारदर्शिता तथा जवाबदेही लाने और अनुपालन की जटिलता को कम करने के लिए एकीकृत वेब पोर्टल श्रम सुविधा पोर्टल का शुभारंभ, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षुता, इंटर्नशिप आदि पर जानकारी जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय रोजगार सेवा में बदलाव के लिए एनइएस की शुरुआत; असंगठित श्रमिकों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए ई-श्रम पोर्टल का विकास, जो रोजगार की मनोनुकूल प्राप्ति के लिए आधार के साथ जुड़ा हुआ है और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों का विस्तार करता है; कोविड-19 के कारण मौत के मामले में बीमित लोगों (आइपी) के परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए इएसआइसी कोविड-19 योजना; मातृत्व लाभ की मात्रा में वृद्धि, इएसआइसी योगदान की दर में कमी इत्यादि शामिल हैं।

**नये अस्पतालों की स्थापना के जरिए मोदी सरकार का लक्ष्य विशेष रूप से औद्योगिक और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार करना है।**



**श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत सामाजिक सुरक्षा संगठन- कर्मचारी राज्य बीमा निगम हमारे देश के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में अग्रणी रहा है। चिकित्सा और नकद लाभ जैसी इसकी विभिन्न लाभ योजनाओं के माध्यम से हमारे देश के श्रमिकों को पिछले 7 दशकों से फायदा हो रहा है।**

श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत सामाजिक सुरक्षा संगठन- कर्मचारी राज्य बीमा निगम हमारे देश के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में अग्रणी रहा है। चिकित्सा और नकद लाभ जैसी इसकी विभिन्न लाभ योजनाओं के माध्यम से हमारे देश के श्रमिकों को पिछले 7 दशकों से फायदा हो रहा है। हमारे श्रमयोगी परिवारों के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा की देखभाल करने वाले इएसआइसी ने पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक प्रगति की है। इस अवधि के दौरान इएसआइसी ने अपनी सेवाओं का विस्तार 393 जिलों से 674 जिलों तक कर लिया है। इससे आज स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ 3.72 करोड़ कामकाजी परिवारों तक पहुंच रहा है, जो वर्ष 2014 में 1.95 करोड़ तक सीमित था। कुल लाभार्थी 2014 में 7.58 करोड़ से बढ़ कर 2024 में 14.43 करोड़ हो गये हैं।

हमारे देश के कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को समग्र रूप से मजबूत करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। उन्होंने 29 अक्टूबर, 2024 को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआइआइए), नयी दिल्ली में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में फार्मास्यूटिकल्स विभाग के तहत इएसआइसी में 12,855 करोड़ रुपये के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की शुरुआत की।

इन परियोजनाओं के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के इंदौर में 300 बिस्तरों वाले इएसआइसी अस्पताल का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया, जिसे भविष्य में 500 बिस्तरों तक विस्तारित किया जा सकता है। इस सुविधा से लगभग 14 लाख बीमित लोगों और उनके परिवारों को लाभ होने की उम्मीद है। इसके अलावा, उन्होंने 1,030 बिस्तरों की संयुक्त क्षमता वाली 6 इएसआइ अस्पताल परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इन परियोजनाओं के लिए कुल निवेश राशि 1,641 करोड़ रुपये है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी) अस्पतालों का उद्घाटन और शिलान्यास भारत में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नये अस्पतालों की स्थापना के जरिए मोदी सरकार का लक्ष्य विशेष रूप से औद्योगिक और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार करना है। ये अस्पताल बाह्य रोगी देखभाल, आंतरिक रोगी सेवाएं, आपातकालीन देखभाल और विशेष उपचार सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करेंगे।

गुणवत्ता पर सरकार का यह ध्यान सुनिश्चित करता है कि श्रमिकों को समय पर और प्रभावी चिकित्सा ध्यान मिलेगा, जो स्वस्थ कार्यबल बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। ये सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अनमोल कार्यबल और उनके परिवारों की मदद करके राष्ट्र निर्माण में अपरिहार्य भूमिका निभाते हैं। इएसआइसी अस्पतालों की स्थापना को प्राथमिकता देकर मोदी सरकार कार्यबल की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा कर रही है, जो श्रमिक कल्याण और राष्ट्र के समग्र आर्थिक स्वास्थ्य के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**(लेखक : केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### यूपी, पंजाब, केरल में उपचुनाव की तारीख बदली

# 14 सीटों पर अब 13 की जगह 20 नवंबर को वोटिंग

- त्योहारों की वजह से शेड्यूल बदला गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदल गई है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि तीनों राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर अब 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को ही आयेंगे।

चुनाव आयोग के मुताबिक उत्तर प्रदेश की 9, पंजाब की 4 और केरल की 1 विधानसभा सीटों पर अब 20 नवंबर को वोटिंग होगी। तारीखों में बदलाव भाजपा, कांग्रेस, आरएलडी और बसपा की मांग पर की गयी है।

इन पार्टियों का कहना था कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व है। वहीं, केरल में 13 से 15 नवंबर तक कलपाथि रास्थोलसेवम मनाया जायेगा। इससे वोटिंग पर असर पड़ता।

20 नवंबर को ही महाराष्ट्र विधानसभा की 288 और झारखंड की 38 सीटों पर चुनाव होंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर इसी दिन उपचुनाव है।

**11 राज्यों की 33 सीटों पर तारीख में बदलाव नहीं :** चुनाव आयोग के आज की घोषणा में 11 राज्यों की 33 सीटों पर तारीख में बदलाव नहीं किया गया है। यानी यहां 13 नवंबर को ही वोटिंग होगी। इसी दिन झारखंड विधानसभा की 43 सीटों पर मतदान होंगे। इसके साथ ही केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र-झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा की थी।

# कनाडा में हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला

**एजेंसी**



**ओटावा।** कनाडा के ब्रैम्पटन में रविवार को हिंदू सभा मंदिर में आये लोगों पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला कर दिया। हमलावरों के हाथों में खालिस्तानी झंडे थे। उन्होंने मंदिर में मौजूद लोगों पर लाठी-डंडे बरसाये। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भी श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस घटना की कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में आज हुई हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है। घटना के बाद से इलाके में तनाव है। भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गयी है। पील रीजनल पुलिस चीफ निशान दुरईप्पा ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। कनाडा में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ और मारपीट की घटना पर भारत ने भी चिंता जतायी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम कट्टरपंथियों और अलगाववादियों की तरफ से हिंदू सभा मंदिर में फैलायी गयी हिंसा की निंदा करते हैं। हम कनाडा की सरकार से ऐसे सभी पूजास्थलों की रक्षा करने की अपील करते हैं। हमें उम्मीद है कि जो लोग इस हमले में शामिल थे, उन्हें सजा दी जायेगी। भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को सेवा के लिए मौजूद हमारे कांसुलर अधिकारी धमकी, उत्पीड़न या हिंसा से डरने वाले नहीं हैं।

ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने इसे लेकर बयान भी जारी किया है। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में भारत विरोधी तत्वों ने हिंसा की। हम भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहद चिंतित हैं। केंद्रीय मंत्री रणवीर सिंह बिट्टू ने कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमला की निंदा की है।

# आगरा में एयरफोर्स का मिग-29 विमान क्रैश

- ग्वालियर से उड़ान भरी, जमीन पर गिरते ही आग लगी, दोनों पायलट इजेक्ट हुए

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आगरा।** आगरा में सोमवार को एयरफोर्स का मिग-29 एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। पलक झपकते ही आग का गोला बना विमान खेत में आ गिरा। हादसा शाम करीब 4 बजे हुआ। जमीन पर एयरक्राफ्ट गिरने के साथ ही विस्फोट भी होने लगे। हादसे के वक्त विमान में 2 पायलट थे। दोनों आग लगने से चंद सेकंड पहले ही पैराशूट की मदद से विमान से कूदकर बाहर निकल आये। विमान कागारौल के सोंगा गांव के पास खाली खेत में गिरा है। एयरफोर्स ने विमान हादसे की जांच के आदेश दिये हैं। बताया जा रहा है कि पंजाब के इस फाइटर प्लेन ने ग्वालियर से उड़ान भरी थी। रूटीन एक्सरसाइज के लिए आगरा जा रहा था। हादसे की कोर्ट ऑफ इंक्वारी के आदेश दिये गये हैं। ग्रामीणों ने हादसे के तुरंत बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंच गयी है। इसके बाद एयरफोर्स के अफसर, डीएम और पुलिस मौके पर पहुंचे।

**क्रैश के बाद प्लेन में होते रहे धमाके :** फाइटर जेल आग में घिरा हुआ खेतों में आकर गिरा। तब तक गांव के लोग भी इस स्पॉट की तरफ दौड़ आए। वे लोग बचाव के लिए चिल्ला रहे थे। इसी दौरान प्लेन में विस्फोट होने लगे। गांव के लोग चीखते हुए भागे कि बचो-बचो..। प्लेन क्रैश के बाद खेतों में करीब 1 किमी के दायरे में प्लेन के पार्ट फैले दिखे। इसमें पायलट का पैराशूट भी था। गांव के लोगों ने इन पार्ट को सुरक्षित किया है।बाद में पुलिस और वायु सेना ने इन पार्ट को अपने कब्जे में लिया।

# अल्मोड़ा में बस खाई में गिरी, 36 यात्रियों की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। माचुर्ला के पास एक बस खाई में गिर गयी है। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। चार घायलों को एयरलिफ्ट भी किया गया है। तीन घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के मार्चुला इलाके के पास सोमवार को यात्रियों से भरी बस नदी में गिर गयी। बस में 55 से ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचा। बस नैनीडांडा के किनाथ से रामनगर जा रही थी। जैसे ही बस माचुर्ला के पास पहुंची तो सारड बैंड के पास नदी में गिर गयी। बस के नदी में गिरते ही चीख-पुकार मच गयी। कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि कुछ लोग बस से छिटककर नीचे गिर गये। घायल लोगों ने ही जानकारी दूसरों तक पहुंचायी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य चलाया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस में 87 दिन बाद संजय रॉय के खिलाफ आरोप तय

- आरोपी संजय बोला- ममता सरकार मुझे फंसा रही, मुझसे मुंह बंद रखने कहा गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सियालदह कोर्ट ने कोलकाता आरजी कर कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोप तय कर दिये हैं। 11 नवंबर से मुकदमे की रोजाना सुनवाई होगी।

सोमवार को पेशी के बाद पुलिस जब संजय को बाहर लेकर निकली तो पहली बार वह कैमरे पर कहता नजर आया कि ममता सरकार उसे फंसा रही है। उसे मुंह न खोलने की धमकी दी गयी है।

आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मिली थी। घटना के विरोध में डॉक्टरों ने 42 दिन तक प्रदर्शन किया था। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआइ) ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को मुख्य आरोपी बताया है। इसके अलावा केस को गैंगरेप की बजाये रेप केस बताया है। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि पीड़ित के शरीर से मिला सीमन सैंपल और खून आरोपी से मैच हो चुका है। वहीं क्राइम सीन पर मिले छोटे बाल भी फोरेंसिक जांच के बाद आरोपी के बालों से मैच हो गये हैं।

सीबीआइ की चार्जशीट में 100 गवाहों के बयान, 12 पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज, फॉरेंसिक रिपोर्ट, मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन जैसी चीजें शामिल हैं। इसके अलावा वारदात के दिन आरोपी का इयरफोन और मोबाइल ब्लूटूथ से कनेक्ट हो गया था। इसे भी चार्जशीट में अहम सबूत माना गया है।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हंगामा

- पीडीपी विधायक ने 370 हटाने के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, भाजपा का विरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को विधानसभा सत्र का पहला दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ। दरअसल, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वाहिद पारा ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को खत्म करने के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। इसके विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन में जम कर हंगामा किया। कुछ विधायक वेल में भी पहुंच गये। इस पर स्पीकर रहीम अब्दुल राथर ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसे किसी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। मुख्यमंत्री उमार अब्दुल्ला ने कहा कि, 'सदन 370 पर कैसे चर्चा करेगा। इसका फैसला कोई एक सदस्य नहीं लेगा। आज लाये गये प्रस्ताव का कोई महत्व नहीं है। अगर इसके पीछे कोई उद्देश्य होता, तो पीडीपी के विधायक पहले हमसे इस पर चर्चा करते।'

अब्दुल्ला ने कहा- भाजपा से अनुच्छेद 370 को बहाल करने की उम्मीद करना मूर्खता है। हमें पता था कि 370 पर एक प्रस्ताव आने वाला है। वास्तविकता यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग केंद्र सरकार के 5 अगस्त, 2019 को लिये गये निर्णय को स्वीकार नहीं करते हैं। अगर उन्होंने इसे स्वीकार किया होता, तो आज परिणाम अलग होते।

**7 बार के विधायक राथर स्पीकर चुने गये :** प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने स्पीकर राथर को स्पीकर की कुर्सी पर बैठने के लिए आमंत्रित किया। राथर को सीएम उमर ने बधाई दी। प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने स्पीकर राथर को स्पीकर की कुर्सी पर बैठने के लिए आमंत्रित किया। राथर को सीएम उमर ने बधाई दी।

हंगामे से पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस के सीनियर विधायक अब्दुल रहीम राथर को स्पीकर पद के लिए चुन लिया गया है। प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने राथर के नाम का प्रस्ताव पेश किया, जो पास भी हो गया है। राथर सातवीं बार विधायक बने हैं और केंद्र शासित प्रदेश की पहली विधानसभा में सबसे उम्रदराज विधायक हैं। रविवार को सीएम उमर अब्दुल्ला ने विधायक दल की बैठक बुलायी थी, जिसमें राथर को स्पीकर बनाने का फैसला किया गया था। मीटिंग में कांग्रेस, सीपीआइ (एम), आम आदमी पार्टी और निर्दलीय विधायक पहुंचे थे।

**डिप्टी स्पीकर का पद भाजपा को मिल सकता है :** अब्दुल्ला सरकार डिप्टी स्पीकर का पद भाजपा को दे सकती है। हालांकि, अब तक इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गयी है। वहीं रविवार को भाजपा विधायकों की हुई बैठक में सुनील शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया। वे विधानसभा में विपक्ष के नेता होंगे। वहीं सत शर्मा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया है।

# दिसंबर से मंईयां सम्मान राशि 2500 रुपये मिलेगी : कल्पना

शिव कुमार रवि/ बलराम शर्मा



**रंका/ मेराल (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव 2024 में मिथिलेश ठाकुर झामुमो प्रत्याशी हैं। इन्होंने तीन साल में गढ़वा में विकास की गंगा बहाया है। इन्हें पुनः तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनायें। उक्त बातें सोमवार को चिनियां प्रखंड के चिरका आइटीआइ मैदान में और मेराल हाई स्कूल के मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा आयोजित चुनावी जनसभा को करते हुए कही। कल्पना सोरेन ने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो की सरकार बनी उसी समय कोरोना महामारी से जनता को बचाने का काम किया वही दूसरी ओर केन्द्र सरकार के इशारे पर इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठा केस में फंसाकर जेल में डाल दिया किंतु हेमंत ने हिम्मत नहीं हारी और झारखंडी जनता के हित में जनकल्याणकारी महत्वाकांक्षी योजना लाकर यहाँ के मजदूर किसान बहन बेटियों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। जिसमें अबुआ आवास, मइंया सम्मान, सावित्रीबाइ फूले किशोरी समृद्धि योजना, बिजली बिल माफी, केसीसी ऋण माफी, सर्वजन पेंशन, हरा कार्ड आदि अनेकों योजनाएं शामिल हैं। वहीं गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा में विकास की गंगा बहाई है, जिसमें बिरसा पार्क, स्टेडियम, बस स्टैंड, ग्रामीण सड़कें, स्कूल, अस्पताल, हाइमास्ट लाइट सहित अनेकों विकास कार्य किया है इसलिए इन्हें पुनः जीताकर रांची विधानसभा भेजने का काम करें और हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करें।

चुनावी आमसभा को संबोधित करते हुए प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने गढ़वा की जनता को ठगने का काम किया है। एक सत्रह साल और दूसरा दस साल ठगने का काम किया है और फिर ठगने के लिए आपके बीच आएंगे किंतु अब ठगाना नहीं है, बल्कि इन्हें आने वाले 13 नवंबर को इवीएम क्रमांक 2 पर बटन दबाकर भारी मतों से मुझे जीतायें और गढ़वा की अधूरा विकास यात्रा को पूरा करने का मौका देने का आग्रह किया। मंच का संचालन बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने किया। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सपा प्रत्याशी ने जनता से मांगा साथ



**डंडई (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी उम्मीदवार उमेंद्र कुमार यादव ने सोमवार को प्रखंड के आधे दर्जन गांवों का दौरा कर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। इस दौरान सोनेहरा, डंडई, जरही, लवाही रारो सहित अन्य गांवों में सघन तूफानी दौरा और नुक्कड़ सभा कर अपने पक्ष में मतदान करने और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन करने के लिए अपील किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गयी। नुक्कड़ सभा के दौरान उमेंद्र कुमार यादव ने कहां की लोगों का भरपूर सहयोग व समर्थन मिल रहा है। कहा कि जनता अगर क्षेत्र का सेवा का मौका देगी तो जनसहयोग से चहुंमुखी विकास किया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में समर्थक व नेता गण उपस्थित थे।

## पीएम के आगमन पर उत्साहित दिखे दिव्यांग



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर खासे उत्साहित दिखे दिव्यांग। सोमवार को सुबह साढ़े सात बजे प्रखंड मुख्यालय से सात किमी दूर अपने गांव कोनमंडरा से भवनाथपुर पहुंचकर भाजपा कार्यकताओं की आश में दो दिव्यांग बैठे थे, कि कोई गाड़ी आये और उससे वे दोनों गढ़वा पहुंचकर अपनी आंखों से पीएम मोदी को दीदार कर सकें। पूछने पर उन्होंने अपना नाम लल्लु उरांव और महेंद्र प्रजापति बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी हमसभी को सम्मान देने का काम किया है, हमलोग सोचते थे, कि काश उनका जीवन में दीदार का सौभाग्य प्राप्त हो जाए और वह समय आज आ गया कि गढ़वा में उनका आगमन हो रहा है। इसे हमलोग कैसे जाया कर सकते थे, और जाने का मन हमलोग बना लिए। दोनों दिव्यांग को बीजेपी के मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने सम्मान देते हुए पार्टी का पट्टा पहनाकर अपने साथ सुरक्षित वाहन द्वारा गढ़वा ले गये।

## निर्वाची पदाधिकारी ने चार प्रखंडों का किया दौरा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी–सह–अनुमंडल अधिकारी संजय कुमार ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा सदर, मेराल, चिनिया तथा रंका प्रखंड का दौरा कर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की धरातलीय स्थिति का अवलोकन किया। उनके द्वारा जहां कहीं भी आचार संहिता अनुपालन में विसंगति दिखायी दी, वहां पर उम्मीदवारों के साथ–साथ संबंधित पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बिना परमिशन लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित रहेगा। आसमान में गर्म हवा के गुब्बारे से प्रचार करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा। एक घर में तीन से अधिक झंडा नहीं लगाये जा सकते हैं, इस पर भी गृह स्वामी का अनापत्ति प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी बीडीओ, सीओ, फ्लाइंग स्क्वायड तथा वीडियो सर्विलांस टीमों को निर्देश दिया कि बिना निवार्ची पदाधिकारी की परमिशन/अनुमति के कोई रैली या सभा का आयोजन नहीं होना चाहिए। कोई भी चुनाव कार्यालय परमिशन/अनुमति लेकर ही खोला जायेगा। अनुमति प्राप्त रैलियों में शामिल वाहनों पर निश्चित आकार से बड़े झंडा होने पर या अनुमति प्राप्त चुनाव कार्यालय में निर्धारित अधिकतम आकार व संख्या से ज्यादा झंडा बैनर होने पर तत्काल साक्ष्य जुटाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायें।

## होम वोटिंग : 2 दिन में 50 लोगों ने किया घर से मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पिछले रविवार से शुरू हुए होम वोटिंग अभियान के क्रम में आज तक दो दिन के दौरान गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 50 मतदाताओं ने अपने घर से मतदान किया। होम वोटिंग करने वाले इन मतदाताओं में 85 साल से अधिक के बुजुर्ग तथा 40% बेंचमार्क से अधिक के दिव्यांग लोग हैं। 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अभी तक इन 50 होम वोटिंग करने वालों में 35 बुजुर्ग तथा 15 दिव्यांगजन शामिल है।

**क्या है होम वोटिंग की प्रक्रिया :** होम वोटिंग के लिए इच्छुक उक्त दोनों कोटि के लोग प्रपत्र 12डी में अपने बीएलओ को आवेदन करते हैं कि वे घर से मतदान करना चाहते हैं। इस प्रकार होम वोटिंग के इच्छुक और पात्र लोगों के घर पोलिंग टीमें जाकर उनका मतदान करवाती हैं। इस बार पूरे गढ़वा विधानसभा में 6 होम वोटिंग टीम में तैयार की गई हैं। जो घर-घर जाकर होम वोटिंग कर रही हैं। होम वोटिंग टीम में पोलिंग ऑफीसर वन, पोलिंग ऑफिसर टू, माइक्रो आब्जर्वर, वीडियोग्राफर, पुलिस सुरक्षा के जवान और एक वाहन चालक शामिल होता है।

## दुर्घटना में घायलों को मिथिलेश ठाकुर ने पहुंचाया सदर अस्पताल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सड़क दुर्घटना में घायलों को अपनी गाड़ी से सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करायी। सोमवार को मंत्री श्री ठाकुर मेराल में कल्पना सोरेन की आयोजित कार्यक्रम के बाद लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में गढ़वा-मेराल मार्ग पर नेनुआ मोड़ के समीप घटित टेंपो दुर्घटना में चालक सहित दो लोग घायल मिले। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के मेराल पुरबारा टोला निवासी स्व. सरजू माली का पुत्र सुनील माली और गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजिया मस्जिद टोला निवासी विजय पासवान की पत्नी सरिता देवी का नाम शामिल है। मंत्री ने घायलों को देखकर अपनी काफिला को रोक दिया। वे तुरंत घायलों को अपनी गाड़ी में बिठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाये। परिजनों के अनुसार, सुनील माली टेंपो चालक है। वह सोमवार को गढ़वा आया था।


**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर शिवनाथपुर–सिसई मार्ग पर ग्राम–पण्डरानी के पास से 11 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर ट्रोली सहित सं0–अज्ञात को जप्त कर सिसई नर्सरी परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 18.11.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

:–वन है,तो जीवन है–:

PR 339854 (Forest, Environment and Climate Changes)24-25*D


## गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 700 मतदाताओं को ऑनलाइन बैलट पेपर भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** इलेक्ट्रॉनिक रुप से प्रेषित डाक मतपत्रों की प्रबंधन प्रणाली (इटीपीबीएस) को लेकर 80-गढ़वा के निर्वाची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने डाक विभाग के अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान निवार्ची पदाधिकारी ने सहायक डाक अधीक्षक तथा उनकी पूरी टीम को विस्तार से बताया कि डाक के माध्यम से आने वाले सर्विस वोटर के मतपत्रों को प्रतिदिन किस समय और रीति के अनुसार निवार्ची कार्यालय में जमा करना है। उल्लेखनीय है कि ईटीपीबीएस प्रणाली के माध्यम से विभिन्न सेवाओं में कार्यरत सर्विस वोटर्स का मत प्राप्त किया जाता है।

यह प्रणाली पात्र सेवा मतदाताओं को अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर कहीं से भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त डाक मतपत्र का उपयोग करते हुए अपना मत डालने में सक्षम बनाती है। जो मतदाता ऐसा विकल्प चुनते हैं वे निर्वाचन के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डाक मतपत्र प्राप्त करने के हकदार होते हैं। मतदाता अपने पोस्टिंग के स्थान पर ही रहकर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त डाक मत पत्र पर अपना मत दे सकते है। सशस्त्र बल के सदस्य, राज्य सरकार के सशस्त्र पुलिस में कार्यरत अथवा राज्य से बाहर सेवारत, भारत सरकार में कार्यरत लेकिन भारत से बाहर पोस्टिंग वाले कर्मचारियों को सर्विस वोटर कहा जाता है। निर्वाची पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि गढ़वा विधानसभा अंतर्गत सर्विस वोटर्स की संख्या 700 है। इन सभी लोगों को ऑनलाइन माध्यम से बैलट पेपर भेज दिया गया है, ये लोग अपनी नौकरी के स्थान पर ही रहकर वहां से अपना मत देकर डाक के माध्यम से अनुमंडल कार्यालय गढ़वा के पते पर भेजेंगे। यहां डाकिया के द्वारा प्रतिदिन मिले इन मतपत्रों को अनुमंडल कार्यालय में बने मतपत्र स्ट्रांग रूम में पहुंचाया जायेगा।

## प्रारूप C-2

**पार्टी द्वारा खड़े दिए गए अभ्यर्थीयों के आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

नाम और राजनीतिक दल :- **शिव कुमार भगत, निर्दलीय प्रत्याशी**
निर्वाचन का नाम :- **झारखण्ड विधानसभा 2024, (69- विशुनपुर (अ.ज.जा)**
राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश का नाम :- **झारखण्ड**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यार्थी का नाम | (A) लंबित अपराधिक प्रकरण | | (B) दंडनीय अपराधों का दोषासिद्ध प्रकरणों के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायलय का नाम प्रकरण संख्या एवं प्रकरण (नों) की स्थिति | संबधित अधिनियामों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | संबधित अधिनियामों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायलय का नाम आदेशों की तिथि (यों) | अधिकतम लगाया गया दंड |
| 1. | 69- विशुनपुर (अ.ज.जा | शिव कुमार भगत | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला घाघरा थाना कांड - 115 2009 G.R N o. 933/2009 | 171 (H) | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2. | 69- विशुनपुर (अ.ज.जा | शिव कुमार भगत | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला घाघरा थाना कांड - 92 2010 G.R No. 198/ 2022 | 143, 341, 323, 448, 353, I.P.C | शून्य | शून्य | शून्य |
| 3. | 69- विशुनपुर (अ.ज.जा | शिव कुमार भगत | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला घाघरा थाना कांड - 60 2012 G.R No. 131/ 2022 | 341, 342, 323, 354, 325, 504, 506, I.P.C | शून्य | शून्य | शून्य |
| 4. | 69- विशुनपुर (अ.ज.जा | शिव कुमार भगत | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला घाघरा थाना कांड - 71 2014 G.R No. 984/ 2014 | 341, 323, 354, 504,506 I.P.C | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें

ह0/-
शिव कुमार भगत, निर्दलीय प्रत्याशी
झारखण्ड विधानसभा 2024, (69- विशुनपुर (अ.ज.जा)
झारखण्ड

## प्रारूप C–1

(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु )

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

उम्मीदवार का नाम और पताः मनोज कुमार चन्द्रा, ग्राम.+पो.+ पंचायत – पुण्डरा, थाना– सिमरिया, जिला–चतरा, पिन कोड – 825103, झारखंड।
राजनीतिक दल का नामः झारखंड मुक्ति मोर्चा
निर्वाचन का नामः झारखंड विधानसभा 2024
निर्वाचन क्षेत्र का नामः 26 – सिमरिया विधानसभा (अ.जा.)
मैं मनोज कुमार चन्द्रा, (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ–

(A)लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एंव तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.जे.एम. कोर्ट, चतरा, G. R. मामला सं0–885/2016 | थाना – टण्डवा जिला – चतरा कांड संख्या – 117/2014 | मामला निपटाया गया (25.04.2022) | आई.पी.सी.– 143/144/145/147/148/149/152/341/323/353/283 |
| 2. | एस.डी.जे.एम कोर्ट, हजारीबाग, G. R. मामला सं.–1822 /2024 | थाना – टण्डवा जिला – चतरा कांड संख्या – 113/2014 | धारा 313 सी. आर. पी. सी. के तहत बयान | आई.पी.सी.– 143/144/145/147/148/149/152/341/323/353/427/283/188/337 |
| 3. | सी.जे.एम. कोर्ट, हजारीबाग, Protest. मामला सं.– 1387 /2019 | थाना – सदर, जिला – हजारीबाग, कांड संख्या – 403 /2018 | आरोप से पहले सबूत | आई.पी.सी 149/323/365/362/354/386/120(B) |
| 4. | एस. डी. जे.एम. कोर्ट. हजारीबाग, G. R. मामला सं.– 1809/ 2024 | थाना – टण्डवा जिला – चतरा कांड संख्या – 143 /2024 | हाजिरी | आई.पी.सी.– 143/144/145/147/148/188/283/341/323/353 |

(B) दंडनीय अपराधो के लिए सजा के प्रकारणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | NA | NA | NA |

ह0/–
मनोज कुमार चन्द्रा
झारखंड मुक्ति मोर्चा
26–सिमरिया विधानसभा (अ.जा.)

## खूंटी में आज मतदाता महोत्सव का आयोजन




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने और शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पांच नवंबर को पूर्वाह्न 11.30 बजे से बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, खूंटी में मतदाता महोत्सव का आयोजन स्वीप कोषांग द्वारा किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिलावसियों को मतदाता महोत्सव कार्यक्रम को लेकर आमंत्रित किया है। उपायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# राज्य और समाज को बचाने के लिए हेमंत सोरेन को दुबारा सीएम बनाना होगा : कालीचरण मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली जीत को विधानसभा चुनाव में भी दुहराना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता असन्न विधानसभा चुनाव में जीत का रिकार्ड बनायें। सांसद सोमवार को तोरपा में झामुमा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सांसद ने कहा कि राज्य और समाज को बचाने के लिये हेमंत सोरेन को दुबारा मुख्यमंत्री बनाना होगा। दयामनी बारला ने कहा कि हमें हर बूथ पर लीड करना है, इसके लिए रणनीति बनाकर काम करना होगा। बूथ जीतेंगे, तो चुनाव जीतेंगे। झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि सरना, ससंदीरी तथा जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए झारखंड में हेमंत सोरेन को दुबारा लाना होगा। हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिये झामुमो को जिताएं। तोरपा से झामुमो प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने कहा कि वे नेता नहीं, बल्कि क्षेत्र का बेटा और भाई बनकर सेवा करेंगे। लोगों की समस्याओं के समाधान के लिऐ सदैव तत्पर रहेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा की इंडी गठबंधन को जीत दिलाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है। धन्यवाद ज्ञापन जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी ने किया। मौके पर नईमुद्दीन खान, तोरपा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजय गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, रनिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष जॉन कंडुलना, मोजीर अंसारी, कैसर खान, हेमंत गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राहुल केशरी, अमित बडिंग, फादर जॉन, फूल अहमद, हेलेन होरो, पुष्पा गुड़िया, अनास्तासिया आईंद, प्रदीप केशरी, जयदीप तोपनो, सुहैल खान, सुरेन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।




# राज्य की हेमंत सरकार घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान करती है : लक्ष्मीकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में रविवार को पंचायत प्रभारी और संयोजक, सह संयोजकों की हुई बैठक में विधानसभा चुनाव के संबंध में विचार.विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने उपस्थित पदाधिकारियों को बताया कि वोट डालने के लिए मतदाताओं के पास कौन-कौन से कागजात होना चाहिए। वाजपेयी ने कहा कि वोटिंग के बाद ईवीएम को अच्छा से सील बंद करने पर ध्यान दें। राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए वाजपेयी ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान करती है। हमारी सरकार बनती है तो झारखंड से सभी घुसपैठियों को चुन.चुन कर भगाया जायेगा। भारत माता सुरक्षित है तो सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही है। विधानसभा प्रभारी ओम सिंह ने कहा कि आप सभी कर्मवीर कार्यकर्ता अपनी संचित ऊर्जा को लगाकर अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने का कार्य करें। पांच जिलों में ओबीसी आरक्षण जो शून्य हैए उसे फिर से लागू करने की घोषणा पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में की है। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें। मौके पर कैलाश राम, जिला मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप, कलिन्दर राम, जिला एसी मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, दिलीप सिन्हा, मंगा नाग, अमित कश्यप, सुदन मुंडा उपस्थित थे।




## भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा ने कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी और वर्तमान विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खूंटी के तूतटोली, कुसुम टोली, बिचना सहित कई गांवों का दौरा कर लोगों का आह्वान किया कि वे राज्य में काम करनेवाली और स्थायी सरकार बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों के कार्यकाल में हेमंत सरकार ने राज्य को खोखला कर दिया। विधायक और भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही हर बहन के खाते में गोगो दीदी योजना के तहत हर महीने 2100 रुपये आ जायेंगें। उन्होंने कहा कि सभी गरीबों को पांच रु में गैस सिलिंडर दिये जायेंगे और दो लाख 87 हजार बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आनेवाले पांच वर्षों में 25 लाख गरीबों को पक्के मकान दिये जायेंगे। मौके पर सुरेश जयसवाल, कंचन सिंह, विनोद नाग सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न गांवों में परिवर्तन चौपाल का आयोजन कर लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की गयी।

## राज्य की निकम्मी सरकार को हटाने के लिए भाजपा को वोट दें : काशीनाथ महतो

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मुरहू प्रखंड के सायको (किताहातु) चौक में सोमवार को भाजपा कें चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विधानसभा चुनाव के संयोजक काशीनाथ महतो और जिला उपाध्यक्ष विनोद नाग ने किया। मौके पर पंचायत प्रभारी सोतो मानकी और दसाय मुखिया भी मौजूद थे। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि काशीनाथ महतो ने कहा कि यह चुनाव नहीं, राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ने का संकल्प है। कहा कि आपके आशीर्वाद और सहयोग से हमारे विधायक और भाजपा उम्मीदवार नीलकंठ सिंह मुंडा लगातार 25 वर्षों से खूंटी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। काशीनाथ महतो ने कहा कि जितना विकास खूंटी विधानसभा क्षेत्र का हुआ है, उतना किसी भी क्षेत्र का नहीं हुआ है।

# कम वोट वाले मतदान केंद्रों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव को लेकर कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सोमवार को निरीक्षण किया। मतदान केंद्र संख्या 143 इरुद और मतदान केंद्र संख्या 144 सोदाग पहुंच निवार्ची पदाधिकारी ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उन्हें मतदान की विशेषता बताते हुए 13 नवंबर को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि हर एक वोट का महत्व है, क्षेत्र और जिले के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दें। वोट अवश्य करें और दूसरे को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें, जिससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी बढ़ चढ़कर भाग लें। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र के मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गयी। क्षेत्र के मतदाता भी काफी उत्साहित दिखे। युवा, वृद्ध, दिव्यांग सभी वर्ग के मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ एक स्वर में 13 नवंबर को वोट करने की बात कही। मौके पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मौके पर स्थानीय कलाकारों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक और गीत संगीत प्रस्तुत कर मतदाताओं को 13 नवंबर को होनेवाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया।



# मनोज चंद्रा के समर्थन में चलाया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मनोज चंद्रा के समर्थन में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने पिपरवार थाना क्षेत्र के तीन पंचायतो के विभिन्न गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के कार्यकताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के लिए मनोज चंद्रा को विजयी बनाना है। मनोज चंद्रा शुरू से ही स्थानीय ग्रामीण विस्थापित रैयतो के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के जनता का अपार समर्थन मनोज चंद्रा को मिल रहा है और उनके ऐतिहासिक जीत होगी।



## महाप्रबंधक ने की उच्चस्तरीय बैठक



**हाजीपुर (आजाद सिपाही)।** हाजीपुर में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में जनरेशन ऑफ ऑप्टिमाइज्ड एंड ऑटोमेटेड लोको लिंक्स पर आधारित उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में मुख्यालय एवं उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

## पिपरवार के बिजैन गांव में 10 नवंबर को होगा छठ देवथान जतरा मेला का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के पुरानी बिजैन गांव में 10 नवंबर को छठ देवथान जतरा मेला का आयोजन किया जायेगा। मेला को सफल बनाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता कुलदीप राम और संचालन रंथु गंझु ने किया।बैठक में मेला को सफल बनाने को लेकर इसकी तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि पिपरवार क्षेत्र के पुराने बिजैन गांव में पिछले कई वर्षों से छठ पूजा के बाद छठ देवथान जतरा मेला का आयोजन किया जाता आ रहा है और इस बार भी इस मेला का आयोजन धूमधाम के साथ किया जायेगा।

## कुशवाहा समाज का मिलन समारोह आयोजित



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू कुशवाहा भवन में कुशवाहा समाज का मिलन समारोह आयोजित किया गया। कुशवाहा समाज के द्वारा एनडीए उम्मीदवार गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को समर्थन देने की बात किया गया। अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के बीज निगम के अध्यक्ष माधव सिंह दांगी त्रिवेदी सिंह उपस्थित थे। मौके पर धीरेन महतो, गुड्डू महतो, सुफेन महतो, रोशन महतो, बंटी मुंडा, सुरेंद्र महतो, अजीत महतो, गोलू महतो, विमल महतो, उज्जवल महतो, सुरेंद्रनाथ महतो उपस्थित थे।

## सीपीआइएम माकपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के रायडीह अमलेशा पथ पर सीपीआईएम माकपा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पार्टी का मेनिफेस्टो जारी किया गया। जिसमें तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की मुलभुत समस्याओं को अवगत कराया गया है। पार्टी 20 साल बाद चुनाव पुरे दम खम के साथ लड़ेंगी।

## जेकेएलएम के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जेकेएलएम के कांके विधानसभा प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा के चुनावी कार्यालय का सोमवार को उद्घाटन किया गया। सबसे पहले पहाड़ी मंदिर में फुलेश्वर बैठा ने मत्था टेका और पूजा अर्चना करने के बाद केडी हिंदूगढ़ी चौक में सोमवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कांके विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी फुलेश्वर बैठा ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया।

**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

(As per the judgment dated 25 th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**
Name of Election : **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION-2024**
Name of State/UT : **JHARKHAND**

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Stats of the Case (S) | Sections of The Acts Concerned & Brief Description of offence (S) | Name of Court & Dates (S) of Order (s) | Description of Offence (S) & Punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 44-Baharagora | Samir Kumar Mohanty | SDJM,Ghatsila. Case No- G.R. No. 23/2020, Trial is undergoing. Charges have not been framed yet. | 379,384,353 of IPC.Case is related to disturbance in Government work, theft of govt. property and loss of government revenue | NA | NA | NA |
| 2 | 44-Baharagora | Samir Kumar Mohanty | Court of the ACJM,Ghatsila. Chakulia PS Case No. 68/2024. Under investigation by the police. | 223 BNS The case is related to disobeying the moral code of conduct during Vidhansabha Election-2024 | NA | NA | NA |

Sd/-
SAMIR KUMAR MOHANTY
JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)
JHARKHAND

**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**
Name of the Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of candidate | (A)Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| Sl. No. | | | Name of Court. Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts & concerned brief description of offence(s) | Name of The Court & Date (s) of Order (s) | Description of offence (s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| | **06-MAHESHPUR (ST)** | **STEPHEN MARANDI** | **SDJM, DUMKA Maheshpur PS case No. 168 of 2019 GR Case No.- 08 of 2022. For Appearance** | **U/S - 188 & 171(F) of the IPC. For using the vehicle without permission or authorization for election campaigning** | **NA** | **NA** | **NA** |

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention The election concerned in place of name of constituency.

Sd./-
**JHARKHAND MUKTI MORCHA**
JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024
JHARKHAND

### खिजरी प्रत्याशी के लिए प्रचार करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने की हेमंत सरकार की आलोचना

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे : शिवराज सिंह चौहान

आजाद सिपाही संवाददाता



टाटीसिलवे में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

**अनगड़ा।** केंद्रीय मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान सोमवार को टाटीसिलवे में खिजरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने पहुंचे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र महतो, संचालन नरेंद्र कुमार व धन्यवाद ज्ञापन पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस की सरकार का पतन तय है। राज्य में एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। कहा कि झामुमो-कांग्रेस की महागठबंधन सरकार ने राज्य का अस्तित्व खतरे में डाल दिया है। उसके संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं। घुसपैठियों के कारण रोटी, बेटी और रोजगार में खतरा उत्पन्न हो गया है। लगता है झामुमो-कांग्रेस बांग्लादेशी घुसपैठियों को यहां बहुसंख्यक बनाने में लगी है। सरकार की नीतियों से राज्य व राज्यवासी तबाह हो जायेंगे है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन सबसे बड़े झूठे हैं। वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने अपनी उम्र 42 साल बताई थी। 5 साल बाद वर्ष 2024 में जब चुनाव हो रहे हैं, तो उन्होंने अपनी उम्र 49 साल बताई है। कहा कि हेमंत सोरेन की अगुवाई में महागठबंधन के नेताओं ने लोगों से कई वायदे किए थे, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। माताओं-बहनों को हर महीने 2000 रुपए चूल्हा खर्चा, पांच लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देंगे। नौकरी नहीं दे पाए, तो हर बेरोजगार को 5 से 7 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनते ही सारे वादे भूल गये। राज्य में भाजपानीत सरकार बनेगी तो महीने की 11 तारीख को सभी महिलाओं के खाते में 'गोगो दीदी योजना' के 2100-2100 रुपए पहुंच जायेंगे। भाजपा सरकार 3100 रुपए क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान की खरीद करेगी। एमए-बीए पास सभी बच्चों को प्रतिमाह 2000 रुपए दिए जायेंगे। कहा कि हेमंत सरकार ने मनरेगा, जल जीवन मिशन के लिए आवंटित पैसे में भी भ्रष्टाचार किया है। केंद्र से 3 लाख 8 हजार करोड़ रुपए भेजा था, सारा पैसा झामुमो-कांग्रेस के नेता खा गये। यहां बलात्कार, हत्या व अपहरण सरकार के संरक्षण में हो रहे हैं। ये लोग बालू-कोयला सब खा जा रहे हैं। झारखंड में बालू बाल्टी में सोना के दाम बिक रहा है। हेमंत राज में बगैर पैसे दिये यहां कोई काम नहीं होता है। मां, बहन व बेटियों का सम्मान खतरे हैं। इरफान अंसारी जैसे नेता शिबू सोरेन की बड़ी बहू और आंदोलनकारी दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन के सम्मान को लगातार ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार की विफलताओं को घर-घर तक पहुंचाने व खिजरी से प्रत्याशी रामकुमार पाहन को जीताने का आह्वान किया। कहा कि राज्य में सुशासन भाजपा ही लायेगी। मौके पर प्रत्याशी रामकुमार पाहन, राकेश भास्कर, राजेन्द्र दीक्षित, राजन साहू, रणधीर चौधरी, मनेश महतो, अनुराधा मुंडा, मनोज चौधरी, प्रभुदयाल बड़ाईक, अमरनाथ चौधरी, सत्यदेव मुंडा,उमेश यादव, दिलीप मेहता, रंजीत सिंह, अशोक मुंडा, सुनील महतो, अनुपमा देवी, माधुरी देवी, सोहरैया बेदिया, राजेंद्र महतो, प्रमोद सिंह, गोपाल चौधरी, सुप्रेश महतो सहित आदि उपस्थित थे।

## सीओ को ज्ञापन सौंप कर इटकी व रानीखटंगा के ग्रामीणों ने की समपार फाटक खोलने की मांग

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी रेलवे स्टेशन के निकट बंद समपार फाटक को खोलने की मांग को लेकर ग्रामीणों की सात सदस्यीय टीम ने मंडल रेल प्रबंधक दक्षीण पूर्व रेलवे हटिया, रांची के नाम सीओ मो अनीश को सोमवार को पत्र सौंपा। जिसमें जबतक इटकी स्टेशन के निकट फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं होता तब तक समपार फाटक खोले रखने की मांग की गयी है। साथ ही आरोप लगाया कि विभाग द्वारा अंडर पास सुनसान जगह पर बनाया गया है। जहां लोग आवागमण में असहज महसूस करते हैं। लूट छिनतई स्कूली बच्चियों के साथ छेड़छाड़ का भय हमेशा बना रहता है। चेतावनी दी कि सात नवंबर को विभाग और ग्रामीणों की वर्ता में समपार फाटक खोलने का समाधान नहीं निकाला गया तो आठ नंबर से पुनः ग्रामीण उग्र आदोलन करने को बाध्य होंगें। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नेताओं के द्वारा मांग पत्र की एक प्रति इटकी थाने को भी दी गई है। मांग पत्र सौपने वालों में आजसू के जिला सचिव मुर्तजा आलम, पूर्व उप प्रमुख उरूज अंसारी, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष पम्मू इकबाल, कुदूस अंसारी, फजले अंसारी, हुसैन अंसारी आदि शामिल थे।

## सोशल मीडिया के जरिए पार्टी के विचारों व विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचा सकते हैं : राहुल सहदेव



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रांची जिला बाजपा ग्रामीण के मेसरा मंडल कार्यालय में सोमवार को विधासभा और मंडल के सोशल मीडिया प्रभारियों और सह प्रभारियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता ने की। इसमें प्रदेश भाजपा के सोशल मीडिया सह प्रभारी राहुल सहदेव भी शामिल हुए। उन्होंने सोशल मीडिया के सशक्त और प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से हम पार्टी के विचार और विकास कार्यों को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचा सकते हैं। हमारी डिजिटल उपस्थिति जितनी मजबूत होगी, जनता के साथ हमारा जुड़ाव उतना ही गहरा होगा। वहीं, शशि मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया भाजपा की आवाज को जनता तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। हमारा प्रयास रहेगा कि हम डिजिटल मंच का उपयोग कर पार्टी की उपलब्धियों और नीतियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें। वहीं, रांची जिला ग्रामीण महिला मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी शिल्पी शालिनी ने भी अपने विचार रखे। कहा कि महिला मोर्चा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से हम महिलाओं की आवाज को और मजबूती से उठा सकते हैं। हमें नारी सशक्तिकरण के मुद्दों पर अधिक प्रभावी रूप से काम करना चाहिए और महिलाओं को पार्टी की नीतियों से जोड़ना चाहिए। बैठक में महानंद महतो, पप्पू महतो, मोहन मुरारी, तलकेश्वर भारती, शंकर साहू, अमित कुमार, सुलदीप महतो, शिवलाल महतो, रानी देवी, परमजीत महतो, शोभा कुमारी, अमित मिश्रा, प्रशांत किशोर, अभय कुजूर, ज्योति देवी और सुनील महतो आदि मौजूद थे।

**कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अड़की (खूँटी)**

ज्ञापांकः– 1060(ii) दिनांकः– 30–10–2024

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा श्री पुष्कर सिंह मुण्डा, सेवानिवृत जनसेवक अड़की, जिला–खूँटी वर्तमान पत्राचार पता–ग्राम रेलाडीह, पोस्ट–रेलाडीह, थाना–बुण्डू, जिला राँची को इस प्रेस विज्ञाप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सेवानिवृति के उपरान्त पेंशन संबंधित आवश्यक दस्तावेजों को आपके द्वारा कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराये जाने के फलस्वरूप पेंशन पेपर का ऑनलाईन प्रविष्टि नहीं किया जा सका है।

इस संबंध में क्रमशः इस कार्यालय के पत्रांक–613 (ii), दिनांक–28.06.2023, ज्ञापांक–881(ii), दिनांक–30.09.2023, एवं ज्ञापांक–141 (ii), दिनांक–05.02.2024 के द्वारा सूचित किया गया है। परन्तु अब तक इस संदर्भ में आपके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

निदेश दिया जाता है कि प्रेस विज्ञाप्ति के प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के अन्दर आप सशरीर प्रखण्ड कार्यालय, अड़की में उपस्थित होकर सभी वांछित दस्तावेजों को नियमानुसार अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
अड़की।

PR 339859 District (24-25)D

## हुरहुरी में इस्लाहे मुआशरा में दहेज प्रथा नशाखोरी एवं तालीमे इल्म पर हुई चर्चा



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हुरहुरी नूर मस्जिद में मजलिस-ए-उलेमा झारखंड के बैनर तले इस्लाहे मुआशरा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत कुरान ए पाक की तिलावत से की गयी। इस दौरान दहेज प्रथा के रोकथाम, शादी को आसान व बिना बारात के निकाह, युवाओं में बढ़ती नशाखोरी पर पाबंदी, शराब, जुआ व अन्य बुराइयों में शामिल लोगों को उससे दूर करने के अलावा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने आदि पर चर्चा की गयी। बैठक में मजलिस-ए-उलेमा झारखंड के सदर मौलाना साबिर बतौर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बिना दहेज व बारात की शादी कर हम देश का वजूद बचा सकते हैं। जिस इस्लाम के बल पर हम पहचाने जा रहे है। इसके नियम कानून को मानना होगा। इसके लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। वहीं, मौलाना अब्दुल्लाह ने कहा कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना जरूरी है। बच्चे शिक्षित होंगे तो ही समाज तरक्की कर पायेगा। शिक्षा से ही कौम की हालात को सुधारा जा सकता है। सभा को कई मौलाना व अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। बुराइयों को जड़ से खत्म करने के लिए रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी को आगे आने व सहयोग के लिए नौजवानों की एक टीम बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस मौके पर सचिव अबू तलहा नदवी, मौलाना अब्दुल हकीम, मौलाना अब्दुल्लाह, मौलाना अब्दुल जब्बार, मुफ़्ती जुल्फान, मौलाना परवेज, मुफ्ती अब्दुल हसीब, मौलाना अब्दुल मन्नान, रातू अंजुमन कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, सेक्रेट्री अनीसुल रहमान, नायब सदर अंजुम खान, खजांची अजमूल हक, नौशाद आलम, हाफिज जान मोहम्मद, समाज, हाफिज सलीम, समाजसेवी ऐनुल हक, मो शाहिद, रजब अली, खलील अंसारी, मोहिउद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## खिजरी के कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र के आइएनडीआइए महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्यासी राजेश कच्छप ने सोमवार को लोवाडीह चौक में अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कहा कि हेमंत सरकार कोरोना काल में बेहतरीन कार्य की है। हमारी सरकार मंईया सम्मान योजना जैसी लाभकारी योजनाएं चला रही है। वहीं, उपस्थित सभी लोगों से अपने-अपने बूथ पर अधिक से अधिक मतदान कर राजेश कच्छप को विजयी बनाने की अपील की। मौके पर जोसेफ मिंज, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष चमन रजक, झामुमो नेता मंटू लाला, मदन मोहन मिश्रा, अर्चना मिश्रा, संतोष कुमार बड़ाईक, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, रंजीत बड़ाईक, संदीप गाड़ी, झामुमो नेता सुहैला खान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना सांगा, नवीन कुजूर, हेमंत महतो, शांति तिर्की, ज्ञानी मुण्डा, विलियम रिचर्ड लकड़ा, चांद खान, इस्तेहाक राजा, कृष्णा राम, ग्रे लकड़ा, बंशीधर ठाकुर, हरिश महतो, नीलिमा आदि उपस्थित थे।

## तालाब में डूबी बच्ची का शव 48 घंटे के बाद बरामद

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महेशपुर मध्य विद्यालय के समीप स्थित तालाब में रविवार को डूबी सुप्रिया कुमारी (8) नामक बच्ची का शव 48 घंटे बाद सोमवार की रात कुद ही पानी के ऊपर आ गया। ग्रामीणों ने पुलिस को शव बाहर आने की सूचना दे दी दी।

# हमें एकजुट होकर अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाना होगाः रामकुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** ओबर के अंबाटुंगरी हुड़पू पखना में सोमवार को सोहराई जतरा मेला का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के अलावा भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया शामिल हुए। रामकुमार पाहन ने हुड़पू पखना स्थित भगवान महादेव की पूजा कर मेले का शुभारंभ किया। जिसमें आसपास के गांव से छउ नृत्य व खोड़हा टीमें नाचते गाते शामिल हुई। इसस अवसर पर रामकुमार पाहन ने कहा कि सांस्कृतिक जागरूकता के लिए इस मेला का लगातार आयोजन होता आ रहा है। हमें एकजुट होकर अपने सांस्कृतिक विरासत को बचाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जंगल को बचाना होगा। कार्यक्रम का संचालन दिलीप मिर्धा ने किया। इस मौके पर भाजपा सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया, पूर्व मुखिया संगीता देवी, शिवशंकर बेदिया, डॉ सचीमोहन कुम्हार, पंचम भोगता, गिलू बेदिया, शिबू बेदिया, जयनारायण मुंडा, रामसाय मुंडा, शंकर बेदिया, करमदेव बेदिया, जलेश्वर मुंडा व सुरेश भोगता आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, नोडल पदाधिकारी, वाहन कोषांग, सिमडेगा।**
**विधानसभा चुनाव 2024**
**(वाहन कोषांग)**

**(अतिआवश्यक सूचना)**

विधानसभा चुनाव–2024 के निमित मतदान कार्य हेतु नोडल पदाधिकारी वाहन कोषांग –सह– जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा अधिग्रहित किये गये वाहनो के मालिको को सूचित किया जाता है कि 70–सिमडेगा (अ0ज0जा0) एवं 71–कोलेबिरा (अ0ज0जा0) एवं 59–तोरपा (अ0ज0जा0) में दिनांक 13.11.2024 को मतदान निर्धारित है।

मतदान केन्द्र पर सेक्टर दण्डाधिकारियों / मतदान कर्मियों एवं पुलिस कर्मियों को मतदान केन्द्र पर भेजने एवं लाने हेतु (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए) सुसंगत नियम के तहत आपके वाहन को अधिग्रहण कर सीजर प्रपत्र आपको दिया गया है।

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आप सभी वाहन मालिको को संसूचित किया जाता है कि आपके द्वारा उपयोग में लाये जा रहे वाहनों (बस, बोलेरो / पिकअप / स्कार्पियों आदि) को चुनाव कार्य हेतु दिनांक 09.11.2024 के संध्या 5:00 बजे तक निश्चित रूप से वाहन कोषांग, (अल्वर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा) में जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

इस आदेश का उल्लंधन करने वाले वाहन मालिको पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के तहत कारवाई की जायेगी।

नोडल पदाधिकारी, वाहन कोषांग
–सह–
जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 339866 (Simdega) 24-25 (D)

## मारुति मंगल परिवार ने मतदान के लिए किया जागरूक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मारुति मंगल परिवार के सदस्य लगातार मतदाताओं के बीच जाकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। 13 नवंबर को झारखंड विधानसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मारुति मंगल परिवार के सदस्यों ने सोमवार को रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, सिमडेगा, खूंटी और लोहरदगा जिले के कई गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों से मिलकर उन्हें अपना और अपने परिवार के साथ आसपास के लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। वहीं संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि मताधिकार अपनी ताकत है। इसलिए 13 नवंबर को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मत का प्रयोग जरूर करें। मतदान करने के लिए अपने परिवार व नाते-रिश्तेदारों को भी जागरूक करें। वहीं, संगठन सचिव सुमेश महतो ने कहा कि 13 नवंबर को होने वाले मतदान में सभी लोगों से अपील करते हुये कहा है कि मतदाता अपने मतदान में अपने मत का अवश्य प्रयोग करें, और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 20156 date 27.10.2024, I Rahul Thakur, S/o. Bhim Thakur, Aged About 22 Years, By Faith, hindu, residing at address Near Shiv Mandir, Bargaon. P.O- Bargaon, P.S- Mandu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under:
1. That my actual and correct name is RAHUL THAKUR which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No. 7576 7564 3894 and PAN Card bearing Pan No. BWVPT2829N.
2. That I was previously known with the same name as mentioned in my Bank Passbook bearing A/c No. 486910510000927 at Bank of India Sarubera Branch, but now I have change the name/ spelling in all my OVD's (Aadhar, PAN, Voter Id, Passport, Driving License, and from futher 1 will be known with the same name/ spelling as mentioned in my Aadhar/ PAN/Voter Id/ Passport/ Driving License, and I will not change my name again and if there persists any discrepancy/ fraud due to name/ spelling change I will be solemnly responsible for the same, and Bank does not stands for any Liability in name change.
3. That RAHUL THAKUR and RAHUL KUMAR THAKUR both name are same and single person i.e., myself.
4. That this affidavit is meant/ required for the authority concerned at bank for name change n my Account.

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय,
प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय, गुमला।
ओ. (तलाक) एस. वाद सं.-50/2024
तारा कुमारी..............................आवेदिका
बनाम्
नीरज सिंह..................................विपक्षी
**नोटिस बनाम्**
नीरज सिंह, पिता स्व. देवसागर सिंह, निवासी ग्राम- खपिया, पो. जबरा, थाना -सिमरिया, जिला-चतरा (झारखंड)।

चू बजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका के द्वारा आपके विरूद्ध तलाक हेतु ओरिजनल सूट नं. 50/2024 दायर किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है तथा आपकी उपस्थिति हेतु पूर्व में निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन निर्गत किया गया था परंतु आप आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।

अतः आपको इस नोटिस प्रकाशन के द्वारा अगाह किया जाता है कि आप दिनांक 12-11-24 को समय 10:30 A.M. बजे या उसे पूर्व न्यायालय के कार्य अवधि में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में इस वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से चलाई जायेगी। इसे सख्त ताकिद जाने।

यह नोटिस आज दिनांक 27-9-24 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया गया।

हस्ताक्षर
प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय
गुमला 24

**प्रारूप C-1**

**आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार
(पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम :- **शिव कुमार भगत**
राजनीतिक दल का नाम :- **निर्दलीय प्रत्याशी**
निर्वाचन का नाम :- **झारखण्ड विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **69, विशुनपुर (अ.ज.जा)**

मैं **शिव कुमार भगत** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँः-

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला | घाघरा थाना कांड - 115 2009 G.R N o. 933/2009 | बहस के लिए निर्धारित | 171 (H) |
| 2. | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला | घाघरा थाना कांड - 92 2010 G.R No. 198/ 2022 | गावाही के लिए निर्धारित | 143, 341, 323, 448, 353, I.P.C |
| 3. | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला | घाघरा थाना कांड - 60 2012 G.R No. 131/ 2022 | गावाही के लिए निर्धारित | 341, 342, 323, 354, 325, 504, 506, I.P.C |
| 4. | श्री प्रतीक राज JM 1st गुमला | घाघरा थाना कांड - 71 2014 G.R No. 984/ 2014 | न्यायलय मे उपस्थिती हेतु | 341, 323, 354, 504, 506 I.P.C |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | शून्य | शून्य | शून्य |
| | शून्य | शून्य | शून्य |
| | शून्य | शून्य | शून्य |

ह0/-
**शिव कुमार भगत**

## डीइओ ने बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ की बैठक

# मतदाता पर्ची मतदाताओं के हाथों में ही दें : डीइओ



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिला निर्वाची अधिकारी शशि रंजन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय में जिले के पांचों विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी, सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ बैठक की। उन्होंने सर्वप्रथम प्रखंडवार मतदाता पर्ची वितरण सूची की जानकारी की। इस दौरान जिस प्रखंड में 75 प्रतिशत से कम वितरण हुआ है, उसकी विशेष समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी को अगले दो दिनों में शतप्रतिशत वितरण कराने पर बल दिया। कहा कि मतदाता पर्ची वितरण के दौरान इस बात का विशेष ख्याल रखा जाये कि वोटर इनफार्मेशन स्लीप उसी मतदाता को ही दिया जाये जो खुद उपस्थित रहे। उन्होंने सभी को अबसेंट, शिफ्टेड एवं डेथ (एएसडी) मतदाताओं की सूची तैयार करने को कहा। सूची तैयार करने में किसी तरह की कोई चूक नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखने पर बल दिया। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने, मतदान केंद्र के मतदाताओं के बीच विभिन्न गतिविधि का आयोजन करने का निर्देश दिया। इस कार्य में बीएजी का सहयोग लेने की बात कही। इसी तरह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग की प्रगति, एएमएफ वेरिफिकेशन सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

## इवीएम और वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत 13 नवंबर को जिले में होने वाले मतदान को लेकर सोमवार को बैलेट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपीएटी मशीनों की द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। रेंडमाइजेशन का कार्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त प्रेक्षक मनीष कुमार पटेल, आनंद, बाबूलाल, पदुम सिंह, अलमा व टीके शिबू के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से हुई द्वितीय रेंडमाइजेशन में सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए संख्यानुसार बूथ वाइज ईवीएम मशीन निर्धारित कर दी गयी है। यह प्रक्रिया बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की जाती है। उन्होंने बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन के दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन और रि-रेंडमाइजेशन करके दिखाया गया। इसके बाद उनकी सहमति लेकर मशीनों के डेटा को फाइनल किया गया।

## विश्रामपुर में भाजपा छोड़ कई लोग ओबीसी मंच में शामिल, ब्रह्मदेव प्रसाद ने किया स्वागत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर विस क्षेत्र में नेताओं-कार्यकर्ताओं के दल बदलने का सिलसिला जारी है। सोमवार को भाजपा के कई कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर ओबीसी एकता अधिकार मंच में शामिल हो गए। मंच के विश्रामपुर स्थित कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में केंद्रीय अध्यक्ष सह विस प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। कहा कि मंच दिनों दिन मजबूत होते जा रहा है। ओबीसी, दलित व अल्पसंख्यक समाज के लोग अपने अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। उधर, मंच में शामिल लोगों ने ब्रह्मदेव प्रसाद को चुनाव जीताने का संकल्प लिया। वहीं, शामिल होने वालों में अंगद राम, पप्पू विश्वकर्मा, राजेश बैठा, विकास कुमार, सचिन कुमार, चंदन कुमार, रोशन कुमार, शैलेश कुमार और चंदू कुमार आदि थे।

## घूसखोरी पर लगाम लगाया जायेगा : जागृति दुबे



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड युवा विकास पार्टी के सुप्रीमो सह वरिष्ठ समाजसेवी रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे ने पार्टी में शामिल हो रहे युवाओं को उज्जवल भविष्य की कामना की। बताया कि जागृति दुबे इस बार चुनाव लड़ रही हैं। जनता उनके पक्ष में मतदान कर अपना आशीर्वाद दें। वहीं, जागृति दुबे ने बताया कि जिस तरह प्रतिदिन सैकड़ों लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोगों को मैं भरोसा दिलाता हूं की विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ निश्चित न्याय होगा और विकास होगा। मौके पर सोनू कुमार,साहिल खान,सिकंदर,मनोज राम,सुनील कुमार राम,नरेश राम,मिथिलेश पासवान,धनंजय कुमार, मुकेश कुमार रजक आदि मौजूद थे।

## राजद नेता अपने समर्थकों के साथ सपा में शामिल

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष सह राजद नेता नंददेव यादव अपने समर्थकों के साथ सोमवार को सपा में शामिल हो गए। वरीय सपा नेता अभिमन्यु सिंह ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। नंददेव यादव ने कहा कि सपा प्रत्यासी अंजू सिंह मेरी बहु की तरह है। जिसे हम सबों ने जीत का आशीर्वाद भी चुके हैं।

## नदी किनारे को छठ पूजा करने योग्य बनाये प्रशासन : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सोमवार को कई छठ घाटों का दौरा किया। कहा कि कोयल रिवर फ्रंट (मरीन ड्राइव) का तट जलस्तर बढ़ने के चलते छठ पूजा करने योग्य नहीं रह गया है। लगभग किनारे में पांच फीट पानी है, जहां कोई भी दुर्घटना हो सकती है। प्रशासन किनारे को बालू देकर ठीक करवाये। साथ ही ब्रैकेटिंग भी करवाये। ऐसा नहीं होने करने पर दुर्घटना होने की संभावना प्रबल हो जाएगी। खासकर बच्चों के लिए किनारा काफी खतरनाक है। इस लिए छठ करने वाले लोग खुद भी बच्चों का ध्यान रखें। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन गोताखोर की भी व्यवस्था करके रखें, योंकि इतनी भीड़ में कोई भी घटना घट सकती। इस पुनीत अवसर पर शहर के सभी सामाजिक संगठन से भी अनुरोध है कि इस बार कोयल किनारे सजावट के साथ बचाव के लिए अपनी सेवा दल पानी में अवश्य तैनात करें। ताकि कोई अप्रिय घटना घटने से रोका जा सके। दूसरी ओर, छठ पूजा के अवसर पर मंगलवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से छठ पूजा के लिए सूप, नारियल, गुड एवं अन्य पूजन सामग्री का वितरण कोयल रिवर फ्रंट के गंगा आरती मंच से किया जाएगा। छठ व्रती ज्यादा से ज्यादा संख्या में पूजन सामग्री प्राप्त करें।

## वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद का निधन, शोक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ ललिता बाबू का सोमवार की दोपहर रांची के हिल व्यू अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को देवरी स्थित मुक्ति धाम में किया जाएगा। उनके आकस्मिक निधन से विधायक कमलेश सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, एजाज हुसैन, डॉ नादिर रिजवी, अंगद किशोर, धनंजय तिवारी, अशोक कश्यप, प्रकाश लाल, प्रेमतोष सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, गयासुद्दीन सिद्दीकी, संजय सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, जिप सदस्य राजू मेहता, डॉ जितेंद्र प्रसाद, आदि ने शोक संवेदना व्यक्त ककिया है। कहा कि ललिता बाबू का रचनात्मक कार्यों में सराहनीय भूमिका रही है। खेल, शिक्षा, साहित्य एवं न्यायिक क्षेत्र में उनकी अहम भागीदारी रही। उनका निधन हुसैनाबाद और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union ofIndia & Anr.)*

Name of Political Party: **AJSU PARTY**
Name of Election : **GENERAL ELECTIONS, 2024**
Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal Cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | ICHAGARH | SHRI HARELAL MAHTO | J.M. 1st Class Seraikella G.R NO. - 09/2024 Stage: Evidence | S. 414, 34 IPC, S. 21 MMDR ACT. S. 54 JMMC Act., S. 9/13 JMDR Act. (Offence related toillegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) | NA | NA | NA |
| | | | J.M. 1st Class No. 24 Jamshedpur G.R NO. - 1949/2018 Stage: Evidence | S. 4/21/MMDR ACT & S. 54 OF JMMC RULES 2004, AMENDMENT 2017 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) | NA | NA | NA |
| | | | J.M. 1st Class cum Addl Civil Judge (Sr. Div) IX, Jamshedpur G.R NO. - 1221/2019 Stage: Charge | S. 379/414 OF IPC & S. 4/21 MMDR Act. & S. 54 (5) JMMC Rules 2004, Amendment 2017 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) | NA | NA | NA |
| | | | A.D.J. Chandil S.T. - 133/21 Stage: Evidence | S.147/148/149/353/307/323/341/427/186/ 188/269/270 OF IPC & S. 51 OF Disaster Management Act. 2005 & S. 3 of Epidemic 1897 (Case relating to Negligent act likely to cause disruption of public safety and spread infection of disease) | NA | NA | NA |
| | | | A.D.J. Chandil S.T. - 188/21 Stage: Evidence | S.147/148/149/353/307/323/341/427/186/ 188/269/270 OF IPC & S. 51 OF Disaster Management Act. 2005 & S. 3 of Epidemic 1897 (Case relating to Negligent act likely to cause disruption of public safety and spread infection of disease) | NA | NA | NA |
| | | | S.D.J.M. Chandil G.R NO. - 185/22 Stage: Appearance | S. 188/34 OF IPC 51 Disaster Management Act. 2005 (Offence related to violation of orders relating to Covid-19 Lockdown) | NA | NA | NA |
| | | | S.D.J.M. Chandil G.R NO. - 273/22 Stage: Appearance | S. 411/414/34 OF IPC & S. 9/13 JMMCR 2017 & S. 4/54 JMMC 2004 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) | NA | NA | NA |
| | | | A.C.J.M. Chandil G.R NO. - 214/21 Stage: Appearance | S. 379/414 OF IPC & S. 4/54/67 JMMCR 2004 & JMMTC Rule 9 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) | NA | NA | NA |
| | | | A.C.J.M. Chandil G.R NO. - 393/23 Stage: Appearance | S. 411/414/34 OF IPC & 9/13 JMMCR 2017 & 4/54 JMMC 2004 & MMDRAct . 1957 U/S 4 (1) (A)/21 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) | NA | NA | NA |
| | | | A.C.J.M. Chandil G.R NO. - 109/23 Stage: Evidence | S. 188/186/34 OF IPC & 51 OF Disaster Management Act. 2005 (Offence related to violation of orders relating to Covid-19 Lockdown) | NA | NA | NA |
| | | | A.C.J.M. Chandil Nimdih PS - 19/24 Stage: Appearance | S. 4/5 OF Explosive Substances Act. & 25(1-B) (A)/26 OF Arms Act (Offence related to unauthorized handling of explosives and firearms) | NA | NA | NA |

Sd/-
GENERAL ELECTIONS, 2024
AJSU PARTY
JHARKHAND

### चास नगर निगम के विभिन्न वार्डों में चलाया जनसंपर्क, लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील

# हेमंत सरकार की कथनी-करनी में फर्क जनता इस बार उखाड़ फेंकेगी: बिरंची

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** एनडीए प्रत्याशी बोकारो विधायक बिरची नारायण ने सोमवार को चास नगर निगम के विभिन्न वार्डो, चेक पोस्ट, मेनरोड, इस्पात कॉलोनी और कुंवर सिंह कॉलोनी में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व झारखंड में भाजपा की पूर्व की सरकारों के योजनाओं से हर शहर, गांव टोला लाभावित है। हर घर नल योजना के तहत चास नगर निगम के वासियों को जल उपलब्ध कराया जा रहा। पूर्व के रघुवर दास सरकार में कई योजनाएं चास नगर निगम को मिली। उन्होंने हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि झूठे वादे, लूट और अविश्वास से आम जनता में आक्रोश है। जिस वादे के साथ 2019 में झामुमो-कांग्रेस महागठबंधन की सरकार बनी पांच साल पूरे हो गए पर जनता से किया गया कोई भी वादा पूरा नहीं कर सके। दिन प्रतिदिन प्रखंड हो या जिला या प्रदेश भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री अभी जेल में तो कोई आईएस अधिकारी जेल में। बोकारो विधानसभा की जनता राज्य में इस बार भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि में अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच आया हूं। विगत 10 सालों में जो भी वादा किया उसे पूरा किया और आगे भी करूंगा। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को पहले मतदान फिर जलपान के साथ उनके पक्ष में वोट देकर झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभायें। इस मौके पर जिला महामंत्री संजय त्यागी, मंडल अध्यक्ष अमर स्वर्णकार, निवर्तमान अध्यक्ष पन्नालाल कान्दु, अर्चना सिंह, मनराज सिंह, संतोष बरनवाल, बुद्धेश्वर घोषाल, सुबोध कुमार, विनोद सिंह, लीला देवी, अरविंद राय, राजेश घोषाल, रणजीत बरनवाल, झंतु दे, हरेकृष्ण, राज सिंह, उदय सिंह, पप्पू चौरसिया, दिलाप पाल, अजित बाउरी, दीपक चंद्र बाउरी, झन्तु बाउरी, विमल कुमार, दिनेश महतो, राजेश बरनवाल, अर्जुन स्वर्णकार, मिथुन, परमानंद, सदानंद, सेंटी कांदु और संजय बरनवाल आदि मौजूद रहे।



चास में जन संपर्क अभियान चलाकर लोगों से मतदान की अपील करते बिरंची नारायण।

## महापर्व छठ को लेकर चलाया सफाई अभियान

करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर सोमवार को फुसरो नप के वार्ड संख्या 19 में समाजसेवी रविंद्र राम एवं माया देवी के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों को घाट तक पहुंचने में परेशानी ना हो इसके लिए अंबेडकर कॉलोनी के पथ को भी स्वच्छ किया गया है। छठ पर्व लोक आस्था का महापर्व है। इसमें नेम निष्ठा का ख्याल रखा जाता है। वर्ती अखंड उपवास रखकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करतीं हैं। ऐसे में उन्हें कोई परेशानी ना हो इसलिए साफ सफाई की गई तथा उन्हें स्वच्छ किया गया। इस कार्य में प्रभु राम, ओम कुमार, सेवक राम, प्रदीप, विवेक, अरुण, आकाश आदि ने सहयोग किया।

## लोगों की सेवा और गोमिया का विकास हमारी प्रतिबद्धता : डॉ लंबोदर महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोमिया।** एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो अपने चुनाव प्रचार अभियान के क्रम में सोमवार को हिसीम पंचायत अंतर्गत तिरयोनाला, केदला,गुमान जारा व खुदी बेड़ा में जन आशीर्वाद सभा की। अपने संबोधन में कहा कि हमने गोमिया की एक-एक जनता को आदर व सम्मान दिया। यह आगे भी जारी रहेगा। लोगों का उमंग, उत्साह व रूझान हमारे पक्ष में है। इसका प्रमाण लोगों का हमारे चुनावी प्रचार में बड़ी संख्या में उमड़ना है। उन्होंने कहा कि विधायक के रूप में लोगों ने हमें जांचा व परखा है। हमारे कार्यों को नजदीक से देखा है। भरोसा व विश्वास जताया है, उसको टूटने नहीं दूंगा।

इस दौरान चुनाव प्रचार में जगेश्वर मुर्मू, बबीता देवी, राजेश मुर्मू, बृजेश मुर्मू, सोमर महतो, जगन्नाथ महतो, उमेश महतो, आनंद महतो, रामसेवक जायसवाल, संजय जयसवाल, जितेश भट्टाचार्य, अशोक सिंह, मनोज महतो, आनंद महतो, दशरथ महतो, कमलनाथ महतो, चंद्र मोहन महतो, घनश्याम महतो, तारा कांत महतो व चंद्र मोहन चौधरी आदि शामिल हुए।



## जनार्दन मिश्रा भाकपा-माले में हुए शामिल



**निरसा (आजाद सिपाही)।** निरसा स्थित सिंदरी मोड में सोमवार को आइएनडीआइए प्रत्याशी अरूप विश्वास ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनकी मौजूदगी में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पूर्व विधायक जनार्दन मिश्रा भाकपा माले में शामिल हो गये। अरुप चटर्जी ने माले का पट्टा पहनाकर शामिल कराया। माले में शामिल होने वालों में संजय मिश्रा, अशोक राम, नागेंद्र कुमार कुशवाहा, जितेश अग्रवाल, दीपक कुमार, विष्णु भंडारी, हेमंत दास, अंगद सिंह, चुन्नू माझी, हराम साधु दास, रवि शंकर राय आदि थे।

## ढोरी जीएम ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सीसीएल ढोरी के जीएम रंजय कुमार सिन्हा ने क्षेत्र के सभी छठ घठों का निरीक्षण किया और व्यवस्था को दुरुस्त करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।


## Format C1

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Mahesh Thakur, New Colony, P.O. -Barhi, P.S.- Barhi, Dist-Hazaribag- 825405**
Name of political party: **Nationalist Congress Party**
Name of Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION 2024**
Name of Constituency: **21 Barhi JHARKHAND**
**I Mahesh Thakur** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(5) Pending criminal cases
(i) I declare that there is no pending criminal case against me. (Tick this alternative if there is no criminal case pending against the Candidate and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)
OR
(ii) The following criminal cases are pending against me:
(If there are pending criminal cases against the candidate, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details of all pending cases in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | FIR No. with name and address of Police Station concerned | Barhi Ps Case No-34/2019 | N.A | N.A |
| (b) | Case No. with Name of the Court | 34/2019S.D.J.M.Hazaribag | N.A | N.A |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved(give no. of the Section, e.g. Section ..... of IPC, etc.). | u/s 506/34of IPC | N.A | N.A |
| (d) | Brief description of offence | Threatening and abuse | N.A | N.A |
| (e) | Whether charges have been framed (mention YES or NO) | or witness | N.A | N.A |
| (f) | If answer against (e) above is YES, then give the date on which charges were framed | No | N.A | N.A |
| (g) | Whether any Appeal /application for revision has been filed against the proceedings (Mention) yes or no | No | N.A | N.A |

(6) Cases of conviction
(i) I declare that I have not been convicted for any criminal offence. (Tick this alternative, if the candidate has not been convicted and write NOT APPLICABLE against alternative (ii) below)
OR
I have been convicted for the offences mentioned below:
(If the candidate has been convicted, then tick this alternative and score off alternative (i) above, and give details in the Table below)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Case No. | N.A | N.A | N.A |
| (b) | with Name of the Court | N.A | N.A | N.A |
| (c) | Section(s) of concerned Acts/Codes involved(give no. of the Section, e.g. Section ..... of IPC, etc.). | N.A | N.A | N.A |
| (d) | Brief description of offence for which convicted | N.A | N.A | N.A |
| (e) | Dates of orders of conviction | N.A | N.A | N.A |
| (f) | Punishment imposed | N.A | N.A | N.A |
| (g) | Whether any Appeal /application for revisionhas been filed against the proceedings (Mention) yes or no | N.A | N.A | N.A |
| (e) | If answer to (g) above is yes, give details and present status of appeal | N.A | N.A | N.A |

**(6A)** I have given full and up-to-date information to my political party about all pending criminal cases against me and about all cases of conviction as given in paragraphs (5) and (6)
**[candidates to whom this Item is not applicable should clearly write NOT APPLICABLE IN VIEW OF ENTRIES IN 5(1) AND 6(i), above]**

**Sd./-**
**Mahesh Thakur**
**Nationalist Congress Party**
**21 Barhi Jharkhand**



## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त चतरा
(डाक मतपत्र-सह-मतपत्र कोषांग)

**आम सूचना**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा का ज्ञापांक 96 दिनांक 31.10.2024 PR 339776 के द्वारा डाक मत पत्रों के माध्यम से निर्वाचन कार्यो में प्रतिनियुक्त कर्मी एवं पदाधिकारी को सुविधा केन्द्र पर पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु तिथि एंव समय सारणी की आम सूचना प्रकाशित की गई थी, उक्त सूचना की कम संख्या 10 में आशिक संशोधन निम्नवत् की जाती है ।

**पूर्व की सूचना**

| क्र0 स0 | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधानसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र का नाम | प्रखण्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 03.11.2024 से 07.11.2024 एवं 08.11.2024 से 11.11.2024 | पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26– सिमरिया | FC-10 जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा। | कार्यालय, प्रधान (सिविल) कर्मी / पदाधिकारी एवं बी0एल0ओ0 |

**संशोधित सूचना**

| क्र0 स0 | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधानसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र का नाम | मतदाता |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 03.11.2024 से 05.11.2024 . | पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराहन 05:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26– सिमरिया | FC-10 जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा। | कार्यालय, प्रधान (सिविल) कर्मी / पदाधिकारी एवं बी0एल0ओ0 |
| | 06.11.2024 से 07.11.2024 | | | | Inter District से प्राप्त पोस्टल बैलेट का मतदान |
| | 08.11.2024 से 11.11.2024 तक | | | | कार्यालय, प्रधान (सिविल) कर्मी / पदाधिकारी एवं बी0एल0ओ0 |

PR 339839 Election(24-25).D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार
(निर्वाचन शाखा)

**-:आम सूचना:-**

भारत निर्वाचन आयोग, नईदिल्ली के पत्रांक 464 / पूर्व अनु0–1 / झार.–वि.स. / 2024 दिनांक 17.10.2024 के द्वारा विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निमित 73 मनिका विधानसभा के 30 तथा 74 लातेहार विधानसभा के 15 मतदान केन्द्रों पर मतदान का समय पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। शेष सभी मतदान केन्द्रों पर पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक मतदान चलेगा।पूर्वाह्न 7:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक मतदान होने वाले मतदान केन्द्रों की सूची निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | मतदानकेन्द्र का संख्या एवं नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| | | 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत | |
| 1 | बरवाडीह | 61 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, होसीर पूर्वीभाग | मतदान का समय प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजेतक |
| 2 | बरवाडीह | 62 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, होसीर पश्चिमीभाग | |
| 3 | बरवाडीह | 66 उ.म.वि.बारीदोहर | |
| 4 | लातेहार | 190उत्क्रमितमध्य विद्यालय नावाडीह | |
| 5 | लातेहार | 196उ.प्रा.वि.नारायणपुर, उ.भाग | |
| 6 | लातेहार | 197उ.प्रा.वि.नारायणपुर, द.भाग | |
| 7 | लातेहार | 200उ.म.वि.नरेशगढ़ | |
| 8 | गारू | 227म.वि. रूद | |
| 9 | गारू | 228उ.म.वि. विजयपुर | |
| 10 | महुआडांड | 239रा.प्रा.वि. चेतमा | |
| 11 | महुआडांड | 240 रा.प्रा.वि. बन्दुवा | |
| 12 | महुआडांड | 245 प्रा.वि. मौनाडीह | |
| 13 | महुआडांड | 248उ.म.वि. लुरगुमीकला | |
| 14 | महुआडांड | 249 उत्क्र. म.वि. दौना | |
| 15 | महुआडांड | 250 प्रा.वि. दुरूपपुरानाभवन | |
| 16 | महुआडांड | 251 प्रा.वि. आधे | |
| 17 | महुआडांड | 266उ.म.वि. लोध | |
| 18 | महुआडांड | 274उ.म.वि. मेढारी | |
| 19 | महुआडांड | 283 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहेराटोली | |
| 20 | महुआडांड | 284 आंगनबाड़ी केन्द,औराटोली | |
| 21 | महुआडांड | 299 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गन्सा | |
| 22 | महुआडांड | 301उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरून्द | |
| 23 | महुआडांड | 303 प्रा.वि. लुरगुमीखुर्द | |
| 24 | महुआडांड | 306प्रा.वि. पहाड़कापू | |
| 25 | महुआडांड | 307रा.म0वि. चुटिया | |
| 26 | महुआडांड | 308 प्रा.वि. डाडकापू | |
| 27 | महुआडांड | 317 प्रा.वि. माईल | |
| 28 | महुआडांड | 318 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलवार | |
| 29 | महुआडांड | 319 उ.म.वि. आराहंस | |
| 30 | महुआडांड | 321 प्रा.वि. चोरमुण्डा | |
| | | 74 लातेहार विधानसभ क्षेत्र अंतर्गत | |
| 31 | हेरहंज | 03राजकीय मध्य विद्यालय केडू पू0 भाग | |
| 32 | हेरहंज | 04राजकीय मध्य विद्यालय केडू प0 भाग | |
| 33 | हेरहंज | 05उ.प्रा.वि. बन्दरलोरिया (पुराना भवन) | |
| 34 | हेरहंज | 14उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोड़ांग | |
| 35 | हेरहंज | 17उ.म.वि. कटांग | |
| 36 | बारियातु | 34उ.म.वि. मतकोमा | |
| 37 | बारियातु | 39उत्क्रमित मध्य विद्यालय गड़गोमा | |
| 38 | बारियातु | 40उ.म.वि. चुम्बा | |
| 39 | बारियातु | 41उ.म.वि. नावाडीह | |
| 40 | लातेहार | 223 उ.म.वि. मांजर | |
| 41 | लातेहार | 229 उ.म.वि. ललगड़ी | |
| 42 | लातेहार | 230 उ.म.वि. सोतम | |
| 43 | लातेहार | 255उ.म.वि. गिरे | |
| 44 | लातेहार | 256उ.प्रा.वि. बतातखुर्द (पुराना भवन) | |
| 45 | लातेहार | 260 उ.म.वि. पेशरार | |

अत एव उपरोक्त मतदान केन्द्रों के मतदाताओं / प्रबुद्ध जनों / हितधारकों / सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदधार कों / सभी अभ्यर्थियों को उक्तसंशोधित समय–सारणी के संदर्भ में कृपया सूचनार्थ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 339829 Election(24-25).D



## प्रारूप -C1

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **नीलकंठ सिंह मुण्डा, ग्राम-माहिल जामटोली, पो० माहिल, थाना- मुरहूजिला - खूंटी**
राजनीतिक दल का नाम :- **भारतीय जनता पार्टी**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **60 खूंटी (अ.ज.जा)**
मैं **नीलकंठ सिंह मुण्डा** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँः-

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधी का संक्षिप्त विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सार्थक शर्मा न्यायिक दणडाधिकारी, राँची | लालपुर थाना कांड संख्या 203 / 24 दिनांक 23.08.2024 | लम्बित फाईनल फार्म हेतु | 191 (1) 190/ 115 (2) 117 (2)/109)/121(1)125 /132/324 (2) 351(2)252/61 (2) BNS - नाजायज मजमा लगाकर सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जानलेवा हमला करना। |
| 2. | WPC | 735/24 | Quasing petition related to लालपुर 203/24 | |

B) दंडनीय अपराध के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश आदेशों की तिथि | कार्यलय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड | |
|---|---|---|---|---|
| शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख।

ह0
**नीलकंट सिंह मुण्डा**
भारतीय जनता पार्टी
विधानसभा 2024

**अमेरिकी चुनाव : डोनाल्ड ट्रंप की टीम का एआइ-जनरेटेड फोटो का इस्तेमाल**

# केवी सिंह देव की जगह ट्रंप, संगीता देव की जगह मेलानिया और अमित शाह की जगह एलन मस्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूरी दुनिया का ध्यान 2024 के अमेरिकी चुनावों पर है, वहीं राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, क्योंकि कुछ ही घंटों बाद मतदान होना है।

समय के संकेत को समझते हुए, डोनाल्ड ट्रंप की टीम भी एआइ (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) अभियान चला रही है और मतदाताओं का दिल जीतने के लिए भारतीय राजनेताओं सहित विभिन्न व्यक्तित्वों की एआइ-जनरेटेड छवियों का उपयोग कर रही है।

डोनाल्ड ट्रंप की टीम ने अब एआइ द्वारा तैयार की गयी तस्वीर का इस्तेमाल किया है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, ओड़िशा के डिप्टी सीएम केवी सिंह देव और बलांगीर की सांसद संगीता सिंह देव के साथ अन्य लोगों को जगह मिली है। डोनाल्ड जे ट्रंप अपडेट (@TrumpUpdateHQ) के एक्स हैंडल पेज पर पोस्ट को शेयर किया गया है, जिसका शीर्षक है 'कौन सा असली लग रहा है? @elonmusk'।

केवी सिंह देव की जगह एआइ जनरेटेड डोनाल्ड ट्रंप को रखा गया है, जबकि संगीता सिंह देव की तस्वीर के स्थान पर पूर्व प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और एलोन मस्क की तस्वीर के स्थान पर अमित शाह को रखा गया है।




## धान की खरीद 21 नवंबर से शुरू होगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** चालू खरीफ सीजन में अनाज की खरीद को लेकर मंत्रिस्तरीय बैठक हुई है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि धान की खरीदारी 21 नवंबर से शुरू होगी। राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने इसकी जानकारी दी। सुरेश पुजारी ने बताया कि इस साल 80 लाख टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदेगी। सभी मंडियों में धान की गुणवत्ता की जांच करने के लिए गुणवत्ता परीक्षण मशीनें होंगी। चार से पांच मंडियों में एक-एक पर्यवेक्षक होगा।

## 60 साल की हाथी यशोदा की मौत तीन महीने से इलाज चल रहा था

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिमिलिपाल अभयारण्य में हाथि यशोदा की मौत हो गयी है। छह महीने पहले हाथी यशोदा को भुवनेश्वर चंदका अभयारण्य से शिमिलिपाल लाया गया था। जिसी दिन से यशोदा आया उसी दिन से बीमार थीं। पिछले तीन महीनों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति गंभीर थी और कई विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा था। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इलाज के दौरान जेनाबिल में उसकी मृत्यु हो गयी। वन विभाग के अनुसार यशोदा की मृत्यु के समय उनकी आयु 60 वर्ष थी।

# चक्रवात दाना में कुल 600 करोड़ का हुआ नुकसान : राजस्व मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** चक्रवात 'दाना' से हुए नुकसान की रिपोर्ट सोमवार को सामने आयी है। राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने नुकसान की जानकारी दी है। मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार नुकसान लगभग 600 करोड़ रुपये है। बालेश्वर, भद्रक और केंद्रापड़ा जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। मयूरभंज, जाजपुर, जगतसिंहपुर, कटक भी प्रभावित हैं। पंचायती राज विभाग को छोड़ कर सभी



विभागों की रिपोर्ट आ गयी है। शाम तक सभी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अंतिम गणना की जायेगी। कुल मिला कर 14 जिलों के 131 प्रखंड प्रभावित हुए हैं। 11, 637 गांवों के 41 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। कुल 16,417 घर प्रभावित हुए हैं और 27 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। 14, 680 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। विभागवार आधार पर बिजली क्षेत्र को सबसे अधिक नुकसान हुआ। राजस्व मंत्री ने कहा कि अंतिम रिपोर्ट आने के बाद वास्तविक नुकसान का पता चल जायेगा।

# रेलवे संरक्षा कर्मचारी किये गये सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** रविनारायण कांत, टीएम-।।/लखना, सुशांत कुमार गिरि, तकनीशियन-।/आरओएच डिपो, सरला को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान तथा संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कांत पांडे ने दीपक परशरामपुरिया, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर और संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# एससीबी मेडिकल कॉलेज के छात्र ने लगाया रैगिंग का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के कटक में एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रथम वर्ष के एक छात्र ने अंतिम वर्ष के एक छात्र के खिलाफ रैगिंग का आरोप लगाया है। इसी के तहत सोमवार को एससीबी एंटी-रैगिंग कमेटी की बैठक की गयी। प्रथम वर्ष के छात्र के आरोप के अनुसार, कल रात जब वह अपने छात्रावास में था, तो अंतिम वर्ष के एक छात्र ने उसके साथ रैगिंग की। इसके बाद उसने अपने माता-पिता को इस बारे में बताया। उन्होंने प्राचार्य सह डीन और एंटी-रैगिंग कमेटी के समक्ष मेल के माध्यम से इस संबंध में शिकायत दर्ज करायी। शिकायत स्वीकार कर ली गयी तथा रैगिंग का आरोप लगाने वाले छात्र द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जांच शुरू कर दी गयी।



# सीएम सिद्धारमैया को नोटिस

## लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ के लिए कल बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैसूरु।** मैसूरु भूमि घोटाला मामले में लोकायुक्त पुलिस ने सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को नोटिस जारी किया। लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया को मुडा भूमि आवंटन मामले में पूछताछ के लिए 6 नवंबर को तलब किया है। उन्होंने 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती बीएम से पूछताछ की थी, जो इस मामले में आरोपी भी हैं। एक वरिष्ठ लोकायुक्त अधिकारी ने बताया कि हमने मुख्यमंत्री को बुधवार सुबह पेश होने के लिए कहा है।

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे मैसूर लोकायुक्त ने टवऊअ के संबंध में नोटिस जारी किया है। मैं 6 नवंबर को मैसूर लोकायुक्त के पास जाऊंगा। सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले मल्लिकार्जुन स्वामी, देवराजू और अन्य को मैसूर स्थित लोकायुक्त पुलिस ने 27 सितंबर को दर्ज की गयी एफआइआर में नामजद किया था।



**सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित :** वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच के लिए सीबीआइ को दी गयी सहमति वापस लेने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई सोमवार को चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।

**हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील :** जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने सुनवाई तब स्थगित कर दी जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सीबीआई ने भी कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील दायर की है।

**हाइकोर्ट के आदेश को चुनौती :** सुप्रीम कोर्ट भाजपा विधायक बसनगौड़ा आर पाटिल (यतनाल) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने सहमति वापस लेने के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज करने वाले 29 अगस्त के कर्नाटक हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।

**जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा :** सुनवाई के दौरान मेहता ने पीठ को सूचित किया कि सीबीआइ की अपील अभी तक सूचीबद्ध नहीं हुई है, वहीं शिवकुमार की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने 17 सितंबर को विधायक की याचिका पर शिवकुमार और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था। राज्य सरकार ने शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच के लिए एजेंसी को दी गयी सहमति वापस ले ली थी। कांग्रेस नीत सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआइ की याचिका पर 29 अगस्त को हाइकोर्ट ने कहा था कि विचार योग्य नहीं है।

## कंधमाल में जेइ 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सतर्कता अधिकारियों ने सोमवार को सुबह कंधमाल जिले के अंतर्गत फिरिंगिया ब्लॉक में 10,000 रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में एक जूनियर इंजीनियर को गिरफ्तार किया। अधिकारी की पहचान अशोक पाढ़ी के रूप में हुई है। उन्हें सोमवार सुबह उनके सरकारी आवास पर रिश्वत मांगते और लेते हुए पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, उसने एक ठेकेदार से उसके बिल को मंजूरी देने के लिए रिश्वत मांगी थी। उसके पास से रिश्वत की पूरी रकम जब्त कर ली गई है। दूसरी ओर, आय से अधिक संपत्ति का पता लगाने के लिए दो स्थानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है।

## दिगापहांडी में भोजनालय में लगी आग

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गंजम जिले के दिगापहांडी के पुंजिकायन चौक पर रविवार देर रात आग लगने से एक भोजनालय और पास की एक दुकान जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंचीं। कुछ स्थानीय लोगों ने एक फास्ट फूड की दुकान और उसके पड़ोसी दुकान में आग लगने की सूचना दी। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से डिगापहांडी में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हत्या के आरोप में पति और साथी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गंजम जिले के शेरगड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बडागड़ा गांव में ठकुरानी मंदिर के पास आज सुबह बरामद हुए क्षत-विक्षत शव के सिलसिले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। 26 अक्टूबर 2024 को ठकुरानी मंदिर के पास एक महिला का क्षत-विक्षत शव मिला था। आज सुबह पुलिस ने उसके पति पिंटू नाइक और उसके साथी तीर्थ नाइक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान धराकोट थाना क्षेत्र के धौगांव गांव निवासी झुमुरी नायक उर्फ लक्ष्मी के रूप में हुई है।

# संबलपुर ग्रिड सबस्टेशन से आज विद्युतापूर्ति बंद रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बुर्ला, ओड़िशा इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओपीटीसीएल) द्वारा 132/33 केवी वार्षिक रखरखाव कार्य के लिए संवलपुर ग्रिड सबस्टेशन संवलपुर जिले के अंतर्गत अइंठापाली, रेमेड, बुढ़ारजा, क्षेत्रराजपुर, फार्म रोड, बड़ाबाजार, नंदपड़ा झारुआपड़ा, काइंसिर, रेंगाली, धनुपाली, कमिश्नर कॉलोनी, पीएचडी, मुदिपड़ा, बरेईपाली, गुजराटी कॉलोनी, पेनशनपड़ा, सोनापाली और इसके आसपास के इलाकों में मंगलवार को प्रातः 7.30 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। स्थिर, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए यह रख-रखाव आवश्यक है। इसलिए टीपीडब्ल्यूओडीएल बिजली सेवा के अस्थायी व्यवधान के लिए अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त करता है और क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं और जनता के सहयोग की कामना करता है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**